


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 23 मई 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 115 | मूल्य - 5 रुपये









# दहेज मौत मामले में त्विषा के शव का होगा दोबारा पोस्टमार्टम, पति समर्थ सिंह पुलिस हिरासत में..

जबलपुर, (भाषा)।

***मॉडल से अभिनेत्री बनी त्विषा शर्मा (33) की कथित दहेज मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की एक टीम से उनके शव के दोबारा पोस्टमार्टम की इजाजत दे दी। देश भर में चर्चा का विषय बने***



इस मामले को लेकर जबलपुर जिला न्यायालय में भी गहमागहमी देखने को मिली, जहां आत्मसमर्पण करने आए त्विषा के पति समर्थ सिंह को भोपाल पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पेशे से वकील समर्थ सिंह 12 मई को त्विषा शर्मा की मौत के बाद उसके और उसकी मां एवं पूर्व जिला न्यायाधीश गिरिबाला सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से गिरफ्तारी से बच रहा था। जबलपुर जिला न्यायालय में उसके मौजूद होने की खबर मिलने के कुछ देर बाद जबलपुर पुलिस ने समर्थ को हिरासत में लिया और ओमती थाने ले गई, जहां उसे भोपाल पुलिस को सौंप दिया गया। ओमती के थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि हिरासत में लेने के बाद भोपाल पुलिस उसे लेकर रवाना हो गई है।


इस बीच, त्विषा के परिवार के अनुरोध पर मध्यप्रदेश सरकार ने इस मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की है। आत्मसमर्पण के लिए जबलपुर जिला न्यायालय पहुंचने पर भी गहमागहमी रही क्योंकि त्विषा के परिजनों के वकील ने यह कहते हुए विरोध किया कि उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक आरोपी समर्थ को या तो भोपाल जिला न्यायालय या फिर मामले के जांच अधिकारी के समक्ष आत्मसमर्पण करना चाहिए। भोपाल की एक अदालत ने समर्थ की अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी थी। तकरीबन दो घंटे जबलपुर जिला न्यायालय में नाटकीय स्थिति बनी रही लेकिन वह आत्मसमर्पण नहीं कर सका। इसी बीच न्यायालय परिसर पहुंची जबलपुर पुलिस ने समर्थ को हिरासत में ले लिया। त्विशा शर्मा भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में अपने ससुराल में 12 मई को फांसी पर लटकी पाई गई थी। उसके परिवार ने उसके ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया।

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता एवं दहेज निषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत समर्थ सिंह और गिरिबाला सिंह के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने त्विषा के शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराए जाने का उसके परिजनों का अनुरोध स्वीकार कर लिया। उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि दूसरा पोस्टमार्टम राजधानी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टरों की एक टीम द्वारा भोपाल में किया जाए।

उच्च न्यायालय ने त्विषा शर्मा के पिता नवनिधि शर्मा की याचिका पर यह आदेश दिया। त्विषा के परिजनों के वकील अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से एम्स दिल्ली से डॉक्टरों की टीम लाने की व्यवस्था करने को कहा है। मामले में राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का समर्थन किया। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार उन डॉक्टरों की क्षमता पर संदेह नहीं कर रही है जिन्होंने पहले पोस्टमॉर्टम किया था।

त्विषा के परिजनों की ओर से दोबारा पोस्टमार्टम कराने के लिए दायर की गई इस याचिका में पहले पोस्टमार्टम को चुनौती दी गई थी और कहा गया कि इसकी रिपोर्ट में बहुत सारी खामियां हैं। त्विषा के शव का 13 मई को राजधानी भोपाल के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में पोस्टमार्टम हुआ था और तभी से शव वहां के शवगृह में रखा हुआ है। भोपाल पुलिस ने पिछले दिनों त्विषा के पिता नवनिधि शर्मा को पत्र लिखकर कहा था कि मृतका के शव का 13 मई को पोस्टमार्टम हुआ और वर्तमान में वह भोपाल के एम्स के शवगृह में शून्य से नीचे चार डिग्री सेल्सियस तापमान पर रखा हुआ है।

पुलिस ने एम्स के एक पत्र का हवाला देते हुए कहा था कि शव को सड़ने से बचाने के लिए शून्य से नीचे 80 डिग्री सेल्सियस तापमान पर रखा जाना चाहिए और यह सुविधा एम्स भोपाल में नहीं है।




# बालाघाट में भाजपा के दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाभियान का हुआ शुभारंभ..

## पांच सत्रों में वक्ताओं ने दिया विषयवार प्रशिक्षण





जगप्रेरणा बालाघाट।

***भारतीय जनता पार्टी का पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत कल से आज तक दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग स्थानीय हरिमंगल भवन में प्रारंभ हुआ। वर्ग की शुरुआत भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चन किया गया।***

इन दो दिवस में कुल 11 सत्र आयोजित होंगे। इसी कड़ी में कल पांच सत्रों में वक्ताओं ने विषयवार प्रशिक्षण दिया। सर्वप्रथम प्रदर्शनी उद्घाटन, अवलोकन पार्टी पदाधिकारियों ने किया। वंदे मातरम् गान, वर्ग गीत के साथ प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने प्रस्तावना उद्बोधन में प्रशिक्षण के महत्व और उपयोगिता के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों का आभार जताते हुए कहा, योग्य कार्यकर्ताओं के निर्माण के लिए प्रशिक्षण की भूमिका अति महत्वपूर्ण है।

## बोले अभिलाष मिश्रा..

उद्घाटन के प्रथम सत्र में भाजपा जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा ने कहा, किसी भी संगठन की विकास यात्रा मे विचार के प्रति निष्ठावान, ध्येय के प्रति समर्पित, व्यवहार कुशल एवं लोक संग्रही कार्यकर्ताओं का योगदान ही आधार होता है। प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए प्रशिक्षण जिला प्रभारी नरेश दिवाकर ने कहा, आधुनिक तकनीक का उपयोग कर अपनी सरकारों की उपलब्धियों के साथ समाज को जोड़ते हुए पार्टी का चतुर्दिक विस्तार एवं गुणात्मक विकास आज की आवश्यकता है। आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेंद्र क्षीरसागर ने दी। प्रशिक्षण की श्रृंखला में विषय मोदी सरकार की गरीब कल्याण की योजनाएं, वक्ता, छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश रंगलानी, कार्य विस्तार, संगठन विस्तार, वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश दिलीप भटेरे, अध्यक्षता पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, देश के सम्मुख चुनौतियां एवं निदान वक्ता मप्र मेला तीर्थ क्षेत्र प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोटिया, अध्यक्षता पूर्व महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष लता एलकर, भाजपा का इतिहास एवं विकास वक्ता अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पंकज टेकाम, अध्यक्षता विधायक राजकुमार कर्राहे, बूथ प्रबंधन, मन की बात, 6 स्थायी कार्यक्रम, वक्ता राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन, अध्यक्षता पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप गुड्डा जायसवाल जैसे प्रमुख विषय रखें गए। जिनका प्रशिक्षणार्थियों ने विशेष लाभ उठाया।

## व्यवहारिक सत्र, 6 सत्र आज

व्यवहारिक सत्र में कार्यालय प्रबंधन वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश रंगलानी, भाषण कला वक्ता सांसद भारती पारधी, चुनाव प्रबंधन, वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे, आंदोलन, वक्तु विधायक गौरव सिंह पारधी, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं वक्ता विधायक राजकुमार कर्राहे, जनप्रतिनिधियों का कार्यकर्ताओ के प्रति व्यवहार वक्ता रमेश भटेरे ने ऐसे विषयों को सारगर्भित तरीके से रखा। आज दूसरे दिवस 6 विषयो पर वक्ता आज प्रशिक्षण देंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अपेक्षित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# झुलसा रही भीषण गर्मी करा रही क्रांक्रीटों के जंगल का अहसास..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर में आज 22 मई 2026 को अधिकतम तापमान 44.9 सेंटीग्रेट रहा। चंद्रपुर में 47 के ऊपर पारा चला गया। पूरा विदर्भ उबल रहा है। पिछले 1.5 महीने से निरंतर गोंदिया संहित समूचे मध्य भारत में आम नागरिक भीषण गर्मी से हलाकान और परेशान है। लू की थपेड़***



**अभी भी नही संभले तो आने वाले वर्षों में होगी घर बैठे आग उगलती गर्मी से मौतें..**

**वरिष्ठ समाजसेवी छैलबिहारी अग्रवाल ने हर घर, घर घर, गली चौक चौराहों पर भारी संख्या में वृक्षारोपण की अपील..**

घर के अंदर भी विचलित कर रही है, और भीषण गर्मी असहनीय हो गई है। घरों के अंदर भी बिना कूलर और एयर कंडीशनर के रहना मुश्किल हो रहा है, जबकि भीषण गर्मी में उपकरण भी सहीं ढंग से काम नहीं कर रहे हैं। ऐसा इसलिये हो रहा है क्योंकि अब हमारे चारों ओर कांक्रीटों के जंगल हो गए हैं। पेड़ की छांव दूर दूर तक नजर नहीं आती। शो बाजी और दिखावे में तो लाखों करोड़ों खर्च किये जा रहे हैं, जिनसे हमारा जीवन है, ऐसे जीवन को जीवन बनाने वाले वृक्षों और हरियाली की जरुरत को नजर अंदाज करने का काम बडी तेजी से किया जा रहा है, ऐसे में अब मध्यभारत के प्रत्येक नागरिक को यह समझने की जरुरत है कि यदि इसी तरह से हमने कांक्रीटों के जंगलों से अपने आपको घेर लिया, तो वह दिन दूर नहीं कि जब आने वाले वर्षों में एसी, पंखा, कुलर भी काम नहीं करेंगे, और घर घर में ऑक्सिजन की पाईप लाईनें ले जानी पड़ेगी और आग उगलती गर्मी से घर में पड़े पड़े ही लोगों के प्राण निकल जाएंगे, यह बात गोंदिया के वरिष्ठ समाजसेवी राष्ट्रचिंतक व पर्यावरण प्रेमी छैलबिहारी अग्रवाल ने कही है।

## यह भी बोले छैलबिहारी अग्रवाल..

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि अब भी समय है हम सभी सावधान हो जाऐं, और इस वर्ष अपने शहर में ग्रीन गोंदिया अभियान का शुभारंभ करें। हर घर, घर घर, हर गली, चौक चौराहों पर हम जहां जितनी भी और जैसी भी जगह मिले, वृक्षारोपण अवश्य करें। इस संदर्भ में विभिन्न सामाजिक संगठनों को आगे आना चाहिये। गोंदिया शहर में गोंदिया विधानसभा ग्रुप, सभी व्यापारी और सामाजिक व राजनीतिक संगठन, लॉयन्स क्लब के सभी संगठन, जागृति विकास मंच, अधिकारी कर्मचारियों के संगठन, पत्रकारों के संगठन, शिक्षा संस्थान, डॉक्टर्स के संगठन आदि सभी को मिलकर एक क्रांति का आगाज करते हुए वृक्षारोपण के महत्व को समझते हुए गोंदिया शहर को ग्रीन गोंदिया बनाने का प्रयास करना चाहिये। चाहे रेलवे स्टेशन हो या फिर बस स्टैंड, चाहे मुख्य हाईवे सड़क के बीचों बीच हो या फिर शासकीय केटीएस हॉस्पिटल, बीजीडब्ल्यू हॉस्पिटल, आदि सभी सार्वजनिक स्थानों पर भी वृक्षारोपण के लिये बड़ी ही तेजी से प्रयास किये जाने चाहिये, यह बात भी पुरजोर अपील के साथ छैलबिहारी अग्रवाल ने कही है।

## यह की अपील..

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि सभी संस्थाओं की एक बैठक का आयोजन गोंदिया के जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले जी को भी करना चाहिये, और सभी संगठनों को एक एक स्थान की जिम्मेदारी देकर प्रशासनिक सहयोग से वृक्षों की प्राप्ति का प्रबंधन भी किया जाना चाहिये, यदि ऐसा किया जाता है तो निश्चित ही आने वाले वर्षों में गोंदिया के नागरिक सुकुन और सुखद जिंदगी जी सकेंगे।






दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# शहंशाह-ए-सिवनी हज़रत मियां मोहम्मद शाह वली का 50 वा सालाना उर्स आज..






जगप्रेरणा सिवनी।

***बड़ी ज्यारत उर्स कमेटी के अध्यक्ष हाजी सोहेल पाशा की प्रेस विज्ञप्ति में कमेटी के प्रवक्ता हसीब कुरैशी ने बताया कि शहर की मशहूर और मरकज़ी दरगाह हज़रत मियां***

मोहम्मद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह (बड़ी ज्यारत) के 50वें सालाना उर्स मुबारक का आगाज़ पूरे अदब, एहतराम और शानो-शौकत के साथ हो गया है। उर्स की शुरुआत 21 मई को दरूदखानी और मीलाद शरीफ के आयोजन से हुई, जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हाजिरी देकर बुजुर्ग-ए-दीन को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। दरगाह परिसर में रूहानी माहौल, तिलावत-ए-कुरआन और नात-ओ-मनकबत की सदाओं से फिजाएं मुश्कबार हो उठीं।

## शमा महफिल और परचम कुशाई की रस्म हुई अदा..

उर्स कमेटी के अध्यक्ष हाजी सोहेल पाशा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रवक्ता हसीब कुरैशी ने बताया कि 22 मई को रात्रि में शमा महफ़िल का आयोजन किया गया, जिसमें सूफ़ियाना कलाम और इश्क-ए-रसूल से सराबोर प्रस्तुतियां हुईं। वहीं 23 मई की फजर की नमाज के बाद दरबार पर परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। यह रस्म उर्स की सबसे अहम और मुबारक रस्मों में शुमार की जाती है, जिसका इंतजार दूर-दराज से आने वाले जायरीन पूरे साल करते हैं।

## आज होगा कव्वाली का शानदार मुकाबला..

उर्स के अवसर पर आज 23 मई की रात्रि 9 बजे से भव्य कव्वाली महफिल सजाई जाएगी। इस महफिल में कव्वाली जगत के नामचीन और मकबूल फ़नकार आमिल आरिफ साबरी एवं असद निशाद साबिरी अपने बेहतरीन कलाम और सूफियाना अंदाज से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर करेंगे। देश-विदेश में अपनी गायकी का लोहा मनवा चुके ये दोनों कव्वाल दरगाह की फ़िज़ाओं को इश्क, मोहब्बत और सूफ़ियत के रंगों से सराबोर करेंगे। कव्वाली प्रेमियों में इस महफ़िल को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## सैकड़ों संदलों की होगी आमद, दरबार में पेश होगी अकीदत..

बड़ी ज्यारत के उर्स की एक विशेष परंपरा नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से निकलने वाले संदल जुलूस हैं। 22 मई से संदलों की आमद का सिलसिला प्रारंभ हो गया, जो लगातार 23 मई की रात्रि तक जारी रहेगा। सैकड़ों संदल दरबार में पहुंचकर बाबा के आस्ताने पर हाजिरी पेश करेंगे। इस दौरान शहर का माहौल पूरी तरह सूफियाना रंग में रंगा नजर आएगा तथा हर ओर अकीदत और मोहब्बत की झलक दिखाई देगी।

## आकर्षक रोशनी और सजावट से जगमगाया दरबार..

उर्स के स्वर्णिम 50वें वर्ष को यादगार बनाने के लिए बड़ी ज्यारत दरबार को विशेष साज-सज्जा और रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है। आकर्षक विद्युत सज्जा, खूबसूरत फूलों की सजावट और मनमोहक प्रकाश व्यवस्था दरबार की रौनक में चार चांद लगा रही है। शाम ढलते ही दरबार का नजारा देखते ही बनता है और जायरीन इस खूबसूरती को अपने कैमरों में कैद करते नजर आते हैं।

## सर्वधर्म श्रद्धालुओं के लिए लंगर का विशेष इंतजाम

उर्स कमेटी द्वारा सभी धर्मों और समुदायों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष लंगर की व्यवस्था की गई है। हजारों जायरीन को तबर्रुक और लंगर वितरित किया जाएगा। उर्स कमेटी के अध्यक्ष हाजी सोहेल पाशा, सज्जादानशीन इमरान पटेल, सरपरस्त हाजी शमी अंसारी तथा समस्त इंतजामिया कमेटी ने जिलेवासियों और बाबा के चाहने वालों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उर्स मुबारक में शरीक होकर दरबार-ए-वली की रूहानी बरकतों से फैजयाब हों और आपसी भाईचारे, अमन तथा मोहब्बत का पैगाम आम करें।

# छपारा नगर परिषद पर गंभीर आरोप: निजी कृषि भूमि पर साठगांठ कर बना दी सीसी रोड

## पीड़ितों ने की आर्थिक अपराध ब्यूरो से शिकायत..

जगप्रेरणा छपारा।

***नगर परिषद छपारा के प्रशासनिक गलियारों और राजस्व विभाग में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक पीड़ित किसान ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर मिलीभगत कर उसकी पैतृक निजी भूमि पर***

जबरन अवैध सीसी रोड निर्माण कराने और फर्जी सीमांकन करने के गंभीर आरोप लगाए। मामले की शिकायत पीड़ित द्वारा आर्थिक अपराध ब्यूरो **(EOW)** जबलपुर, संभागायुक्त, नगरीय प्रशासन विभाग सहित जिला कलेक्टर सिवनी और तहसीलदार से की गई है, जिसकी पावती भी प्राप्त हो चुकी है। शिकायतकर्ता अम्बर पाटर (पिता स्व. प्रकाश पाटर), निवासी आजाद वार्ड (कुम्हारी वार्ड) छपारा ने बताया कि ग्राम डुंगरिया छपारा (पटवारी हल्का नंबर 42) में उनकी स्वामित्व वाली कृषि भूमि खसरा नंबर 151/1/1 (रकबा 1.05 हेक्टेयर) स्थित है। पीड़ित का आरोप है कि इस निजी भूमि से लगे हुए शासकीय रास्ते (खसरा नंबर 172) को छोड़कर नगर परिषद छपारा द्वारा दुर्भावनापूर्वक और नियमों को ताक पर रखकर उनकी निजी कीमती जमीन पर अवैध रूप से सीसी रोड का निर्माण करा दिया गया।

## मिली भगत से फर्जी सीमांकन करने के आरोप..

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि पीड़ित द्वारा अपनी भूमि के सीमांकन के लिए आवेदन दिया गया था। आरोप है कि दिनांक 21/08/2025 और 14/11/2025 को राजस्व टीम के पटवारी बृजेश रजक, संदीप श्रीवास्तव, मुदित कालिश एवं अन्य द्वारा मौके पर जाकर गलत चतुरसीमा बताते हुए एकतरफा फर्जी प्रतिवेदन, पंचनामा और नक्शा तैयार किया गया। पीड़ित ने साफतौर पर आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष को अनुचित लाभ पहुंचाने और मोटी राशि का लेनदेन कर उसकी निजी भूमि को शासकीय दर्शाने का यह खेल खेला गया।



## रोकने पर थमाया 'अवैध कब्जे' का नोटिस..

पीड़ित अम्बर पाटर का कहना है कि जब उन्होंने नगर परिषद छपारा को अपनी निजी भूमि पर रोड बनाने से रोकने के लिए आवेदन दिया, तो उनकी सुनवाई करने के बजाय उल्टा उन पर दबाव बनाने के लिए तहसीलदार न्यायालय छपारा के माध्यम से 'अवैध कब्जे' का नोटिस जारी करवा दिया गया। इसके बाद प्रशासन ने बलपूर्वक जबरन उनकी निजी जमीन पर सीसी रोड का निर्माण कार्य पूरा करा दिया।

## अध्यक्ष और अधिकारियों के खिलाफ EOW में शिकायत..

पीड़ित ने अपनी शिकायत में सीधे तौर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल, सीएमओ श्यामगोपाल भारती, सब-इंजीनियर दीपक उइके और वार्ड पार्षद राकेश भारद्वाज पर मिलीभगत और साठगांठ करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि वास्तविक नक्शे के अनुसार रोड का निर्माण गोविंद नागेन्द्र के घर से बड़े बगीचा शनिश्चरी तक जाना था, जिसके लिए बाकायदा टी.एस. (तकनीकी स्वीकृति) भी जारी हुई थी, लेकिन मौके पर नक्शा बदलकर पीड़ित की भूमि को क्षतिग्रस्त कर दिया गया जिससे उन्हें भारी आर्थिक और मानसिक क्षति हुई है।

## मुख्य मांगें..

दोषियों पर कानूनी कार्रवाई: फर्जी सीमांकन करने वाली पटवारी टीम और अवैध निर्माण कराने वाले नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों/जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध वैधानिक और दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## अवैध निर्माण को तोड़ना..

निजी भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई सीसी रोड को तत्काल तोड़कर हटाया जाए और भूमि को पूर्व स्थिति में बहाल कर वास्तविक भू-स्वामी को सौंपी जाए। इस मामले में पावती और शिकायत पत्र विभिन्न उच्च कार्यालयों में दर्ज हो चुके हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर भ्रष्टाचार और तानाशाही के आरोपों पर क्या निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करता है या पीड़ित किसान को न्याय के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

# छोटे भाई की पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला, मौत

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के खजरी गांव से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे एक शख्स ने अपने छोटे भाई की पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।***



आरोपी ने उसकी गर्दन, पेट, हाथ और कमर पर इतने वार किए कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद से आरोपी जेठ फरार है।

## 10 मई को ही हुआ था विवाह..

घंसौर पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान 23 वर्षीय सरिता मरकाम के रूप में हुई है। उसका विवाह महज 13 दिन पहले 10 मई को खजरी गांव के बबलू मरकाम से हुआ था।

अभी उसकी मेहंदी का रंग छूटा भी नहीं था। घर में शादी की खुशियों का माहौल था, लेकिन शुक्रवार सुबह घर के भीतर ही इस खूनी खेल ने पूरे परिवार को तबाह कर दिया।

## बंद दरवाजे के पीछे घिनौनी करतूत

पति बबलू मरकाम ने पुलिस को बताया- मेरे बड़े भाई ने घर का दरवाजा बंद कर मेरी पत्नी के साथ रेप करने की कोशिश की। पत्नी ने विरोध किया तो वह गुस्से में अंधा हो गया। उसने कुल्हाड़ी उठाई और ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम अब्बू लाल मरकाम (35 वर्ष) है। वह सनकी और आपराधिक प्रवृत्ति का है। एक मामले में जेल भी जा चुका है।

## चश्मदीद भानजी ने कहा- मामी को बचाने मैं हंसिया लेकर दौड़ी..

मृतका की भानजी पिंकी इस वारदात की चश्मदीद गवाह है। उसने बताया- बड़े मामा छोटी मामी के साथ जबरदस्ती कर रहे थे। अचानक उन्होंने कुल्हाड़ी उठाई और मामी के गले और हाथ पर वार करना शुरू कर दिया।

मामी को खून से लथपथ देख मैं उन्हें बचाने के लिए घर के भीतर से हंसिया लेकर बाहर दौड़ी और चिल्लाकर सबको बुलाया। मेरी आवाज सुनकर बड़े नाना दौड़कर आए और उन्होंने मामी को छुड़ाया। फिर छोटे मामा (बबलू) को बुलाया, लेकिन तब तक मामी पर हमला कर बड़े मामा मौके से भाग चुके थे।

## मौके पर पहुंची पुलिस, फरार आरोपी की तलाश तेज..

हत्याकांड की सूचना मिलते ही घंसौर पुलिस गांव पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल को पूरी तरह सील कर वहां का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी के अनुसार पुलिस आरोपी के मानसिक बीमारी के दावे सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार जंगलों और संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

# शिक्षिका की जगह बेटा कर रहा जनगणना का कार्य..

**वार्डों की जानकारी न होने से सर्वे में भारी अनियमितता**





जगप्रेरणा सिवनी।

***शासकीय कार्यों में लापरवाही और नियमों को ताक पर रखकर काम करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। राष्ट्र के इस अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय जनगणना कार्य में सिवनी जिले के विकासखंड***

अंतर्गत कान्हीवाड़ा से एक बड़ी लापरवाही उजागर हुई है, जहाँ ड्यूटी पर तैनात शिक्षिका खुद फील्ड पर जाने के बजाय अपने बेटे से जनगणना का काम करवा रही हैं।

## बिना अनुभव के फील्ड पर घूम रहा बेटा..

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा केंद्र सिवनी के अंतर्गत आने वाली उर्दू प्राथमिक शाला कान्हीवाड़ा में पदस्थ एक महिला शिक्षिका की ड्यूटी शासन द्वारा जनगणना कार्य में लगाई गई है। लेकिन मैडम खुद आराम फरमा रही हैं और उनकी जगह उनका बेटा क्षेत्र में घूमकर जनगणना का सर्वे कर रहा है। हद तो तब हो गई जब फील्ड पर सर्वे कर रहे इस युवक को यह तक नहीं पता कि उसे किस वार्ड की सीमा में और कहाँ का सर्वे करना है।

## राष्ट्रीय कार्य से खिलवाड़..

जनगणना जैसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण सरकारी आंकड़े जुटाने के काम को एक ऐसे बाहरी व्यक्ति के भरोसे छोड़ दिया गया है, जिसे न तो इसकी कोई ट्रेनिंग है और न ही स्थानीय भौगोलिक क्षेत्रों (वार्डों) की सही जानकारी।

## गलत आंकड़ों और अव्यवस्था की आशंका..


स्थानीय लोगों का कहना है कि जब शिक्षिका के बेटे को वार्डों और सीमाओं की सही जानकारी ही नहीं है, तो वह जनगणना के आंकड़े कैसे सही दर्ज करेगा? इस लापरवाही के कारण क्षेत्र की जनगणना रिपोर्ट में भारी गड़बड़ी और विसंगतियाँ होने की पूरी आशंका बनी हुई है। शासन द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए बकायदा शासकीय कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाती है और मानदेय दिया जाता है, लेकिन यहाँ नियमों का सरेआम मखौल उड़ाया जा रहा है।

## अधिकारियों से कार्रवाई की मांग..

शासकीय कर्मचारियों की इस तरह की कामचोरी और अनियमितता को लेकर ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों में भारी आक्रोश है। क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने जिला प्रशासन, जिला शिक्षा अधिकारी **(DEO)** और संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से इस मामले की जांच कर लापरवाह शिक्षिका के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि राष्ट्रीय महत्व के कार्यों में इस तरह की लापरवाही पर लगाम कसी जा सके।

# तवाली पुलिस ने किया दो अलग अलग चोरियों का पर्दाफाश..

**04 आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल, नगदी व चांदी के जेवरात बरामद..**



जगप्रेरणा सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार जिले में हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए 03 आरोपी एवं 01 विधिविरुद्ध बालक को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका बरामद किया है।

## प्रकरण 01 : एफसीआई रोड चोरी

दिनांक 13.04.2026 की रात्रि करीब 01:00 बजे एफसीआई रोड गली नंबर-3 स्थित ओमप्रकाश अग्रवाल के मकान का ताला तोड़कर अलमारी से नगदी 4000/- रुपये, चांदी के सिक्के एवं एक एंड्रॉयड मोबाइल चोरी कर लिया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 288/2026, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## प्रकरण 02 : द्वारका नगर चोरी

दिनांक 09.05.2026 की रात्रि द्वारका नगर गली नंबर-4 निवासी सुनील सनोडिया के घर में चोरी की वारदात हुई। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 363/2026, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का प्रकरण कायम कर विवेचना शुरू की गई।

## पुलिस कार्रवाई..

एसडीओपी सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। मुखबिर सूचना एवं पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर संदेहियों को थाने लाकर सघन पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने दोनों चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया।

## गिरफ्तार आरोपी..

अप.क्र. 288/26 में राजकुमार पिता स्व. संतोष दूधबूरे, उम्र 19 वर्ष, निवासी बुधवारी तालाब के पास, अम्बेडकर वार्ड, सिवनी, विधिविरुद्ध बालक निवासी बुधवारी तालाब के पास, अम्बेडकर वार्ड, सिवनी

अप.क्र. 363/26 में अरुण चौधरी पिता स्व. रमेश चौधरी, उम्र 25 वर्ष, निवासी अम्बेडकर वार्ड कुम्हारी मोहल्ला, सिवनी, बंटी बेन पिता राजेन्द्र बेन, उम्र 19 वर्ष, निवासी अम्बेडकर वार्ड ललमटिया, सिवनी।

## जप्त मशरूका..

आरोपियों के कब्जे से चांदी के सिक्के, चांदी की 02 चेन, चांदी की 06 नग बिछिया कुल कीमत करीब 7000/- रुपये, एक पोको कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल कीमत 3000/- रुपये एवं घटना में प्रयुक्त आलाजर विधिवत जप्त किया गया। कुल मशरूका करीब 10,000/- रुपये का बरामद हुआ। सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

## सराहनीय भूमिका..

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि जयशंकर उईके, सउनि संतोष बेन, प्रआर नवीन तिवारी, आर. मिथिलेश, आर. राजेन्द्र राजपूत, आर. अंकित देशमुख, आर. प्रतीक, आर. सतीश इनवाती, आर. सिद्धार्थ दुबे की विशेष भूमिका रही।

# ग्रामीणों क्षेत्र में बिजली कटौती से लोग परेशान

जगप्रेरणा गणेशगंज।

***भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले पांच दिनों से जिले का तापमान लगभग 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है।***

तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दिन में तपिश रहती है, वहीं रात में बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीण परेशान हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि रात में जब लोग सोने की तैयारी करते हैं, उसी समय बिजली गुल हो जाती है और कई घंटों तक आपूर्ति बहाल नहीं होती। उनके अनुसार, रात में 11 से 12 बजे तक बिजली कटौती होने से लोगों की नींद, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी में बिजली न रहने से बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

इस संबंध में अभियंता जयप्रकाश धुर्वे ने बताया कि विभाग की ओर से बिजली कटौती नहीं की जा रही, ऊपर से आदेश आता है इस कारण से बिजली कटौती की जाती है

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो
के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

## असलम बाबा के निवास से निकलेगा संदल..

जगप्रेरणा सिवनी।

**हर साल की तरह इस साल भी असलम बाबा के निवास से पूरी शानो शौकत एवं सादगी के साथ रात्रि 9:00 बजे संदल निकलेगा।**

**असलम बाबा एवं एडवोकेट राम राजेश डेहरिया ने सभी अकीदत मंदो से और बाबा साहब के चाहने वालों से गुजारिश की है कि 23 मई रात्रि 9:00 बजे बड़ी जियारत दरगाह हजरत मियां मुहम्मद शाह वली मे संदल एवं चादर पेश की जाएगी। सभी चाहने वाले समय पर बड़ी जियारत पहुंचकर हजरत की दुआओं से फैजियाब हो।**

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित
सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड
अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


## ग्राम कनकी में रात्रि कालीन चौपाल लगाकर कलेक्टर मृणाल मीना ने ग्रामीणों की समस्याओं का किया समाधान

### बिजली, पानी, सड़क और स्कूल की समस्याओं का मौके पर समाधान के दिए निर्देश

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट जिले के कलेक्टर मृणाल मीना ने गुरुवार 22 मई को लालबर्रा विकासखंड के ग्राम कनकी में रात्रिकालीन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण***







के निर्देश दिए। चौपाल में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के खंड एवं ग्राम स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

चौपाल की शुरुआत में ग्राम पंचायत कनकी के सरपंच श्री दुर्गा प्रसाद पगरवार ने गांव की प्रमुख समस्याओं को सामने रखा। उन्होंने बताया कि गांव के आधे हिस्से को धपेरा फीडर और शेष हिस्से को गर्रा फीडर से बिजली आपूर्ति होने के कारण नियमित विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। इसके अलावा बांडा तालाब की भूमि का सीमांकन नहीं होने, नहरों की सफाई नहीं होने, रेत खदान से ग्रामीणों को रेत नहीं मिलने तथा नल-जल योजना का पानी आवास टोला तक नहीं पहुंचने जैसी समस्याएं बताई। कलेक्टर श्री मीना ने संबंधित अधिकारियों से मौके पर चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री ने 15 दिनों के भीतर बिजली फीडर संबंधी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। वहीं पीएचई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लवादा की पानी टंकी में क्षमता अनुसार जल भंडारण नहीं होने से पेयजल संकट उत्पन्न हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग को बांडा तालाब की नहरों की सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए।

ग्रामीणों ने पानी निकासी के लिए सड़क किनारे नाली निर्माण की मांग रखी। इस पर पंचायत सचिव को जेसीबी मशीन से नाली खुलवाने की कार्रवाई करने को कहा गया। वहीं कनकी के बंजारी आवास टोला में स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र नहीं होने की समस्या पर कलेक्टर ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों के लिए वैकल्पिक शाला व्यवस्था करने तथा आंगनवाड़ी सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। चौपाल में खाद्यान्न पात्रता पर्ची और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े मामलों पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर श्री मीना ने स्पष्ट किया कि अपात्र लोगों के नाम सूची से हटने के बाद पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न पर्ची जारी की जाएगी। वहीं जिन लोगों के नाम आवास प्लस सर्वे सूची में शामिल हो चुके हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा।

कृषि एवं पशुपालन विभाग से संबंधित समस्याओं पर अधिकारियों ने ग्रामीणों को जानकारी दी। कृषि विभाग ने किसानों को मिट्टी परीक्षण सुविधा का लाभ लेने की अपील की, जबकि पशुपालन विभाग ने बताया कि मादा पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान एवं सेक्स सॉर्टेड सीमेन सुविधा के लिए पशुपालक टोल फ्री नंबर 1962 पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। कलेक्टर श्री मीना ने पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, कृषि विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, एएनएम तथा पंचायत स्तर के अन्य कर्मचारियों की ग्राम पंचायत में उपलब्धता का साप्ताहिक शेड्यूल पंचायत भवन में चस्पा करने के निर्देश दिए।

**चौपाल के दौरान स्वामित्व योजना के तहत गोपाल नखाते के नाम से दो पट्टे जारी होने का मामला भी सामने आया। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को एक पट्टा निरस्त करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने चौपाल में प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि लंबे समय से लंबित समस्याओं का अब जल्द समाधान होगा।**

### अटल पेंशन योजना में बालाघाट को राष्ट्रीय सम्मान

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बालाघाट देश में तृतीय एवं प्रदेश में प्रथम स्थान पर..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा नई दिल्ली में आयोजित अटल पेंशन योजना वार्षिक अभिनंदन समारोह 2026 में मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले ने राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल***






किया है। अटल पेंशन योजना के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं निर्धारित लक्ष्यों की सफल पूर्ति करने पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट को देश में तृतीय एवं मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिनव सिंह बघेल को नई दिल्ली में आयोजित गरिमामय समारोह में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सहकारिता क्षेत्र, अपेक्स बैंक भोपाल, नाबार्ड तथा जिले के बैंक एवं सहकारी समितियों के अधिकारियों-कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।

राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त होने पर सीईओ श्री बघेल ने कहा कि इस सफलता का श्रेय बालाघाट कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक मृणाल मीना को जाता है, जिनके सतत मार्गदर्शन, समय-समय पर दिए गए निर्देशों एवं निरंतर मॉनिटरिंग से यह उपलब्धि संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि कलेक्टर श्री मीना ने हमेशा लक्ष्य से अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

श्री बघेल ने बताया कि बैंक मुख्यालय के अधिकारियों, शाखा प्रबंधकों एवं जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों की मेहनत, समर्पण एवं समय पर कार्य पूर्ण करने की प्रतिबद्धता के कारण ही बैंक को राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि देश के नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 9 मई 2015 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोलकाता में अटल पेंशन योजना की शुरुआत की गई थी। वर्ष 2025-26 में देशभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एपीवाई सेवा प्रदाताओं, बैंक शाखाओं एवं जिला प्रबंधकों को सम्मानित करने के लिए 20 मई 2026 को नई दिल्ली में वार्षिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें बालाघाट को यह गौरवपूर्ण सम्मान प्राप्त हुआ।

सीईओ श्री बघेल ने कहा कि भविष्य में भी जिला प्रशासन एवं बैंक की पूरी टीम इसी तरह सकारात्मक कार्य करते हुए आम जनता और अमानतदारों की सेवा में नए कीर्तिमान स्थापित करती रहेगी। इस उपलब्धि पर पी. जोशी, अशोक भवरे, श्रीमती सीमा दुबे, सतीश कोरी, सारंग बिसेन, नेहा मंडलोई, श्वेता दहले, रौनक चौकसे, रोशनी बिसेन, आशीष मिश्रा, ऋषि कुमार बिसेन, सुनील रहांगडाले, प्रकाश साहू, ऋषि हरिनखेड़े, मोरेश्वर फुंडे, ज्ञानचंद नेवारे, जयकुमार नंदनवार, आई.आर. भगत, मुकेश ठाकरे, गिरीश हनवत, रत्नघोष भूरे, दीपक देशमुख, राजेश दुबे, अनिरुद्ध वागदे, दीनदयाल ठाकरे, दिलीप रामटेके, श्रीमती भूमेश्वरी नागेश्वर, श्रीमती लता गौतम, अमरेश परिहार, नीरज बिसेन एवं आशीष खोब्रागढ़े सहित बैंक एवं सहकारिता क्षेत्र के अनेक अधिकारियों-कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## पुरानी ईव्हीकल में लगी आग, टला बड़ा हादसा..

**जगप्रेरणा बालाघाट।** बालाघाट के डेंजर रोड में शुक्रवार 22 मई 2026 की शाम को चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई, जिससे वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना में चूंकि बैटरी से धुआं निकलता देख चालक और उसका साथी ने छलांग लगा दी, जिससे वे खुद बाल बाल बच गए। हादसे के बाद भटेरा निवासी केशव साहू ने बताया कि वह अपने साथी के साथ गर्रा स्थित चार्जिंग सेंटर से स्कूटी ठीक कराकर लौट रहा था, जिसे उसने पिछले साल सेकंड हैंड खरीदा था, चार्जिंग में आ रही समस्या को सुधरवाकर लौटते समय करीब 6 बजे डेंजर रोड पर बैटरी से धुआं निकलने लगा, जिसके कुछ ही पलों बाद आग धधक उठी।

## प्री-प्राइमरी एवं नर्सरी स्कूलों के लिए मान्यता अनिवार्य, बिना पंजीयन संचालन पर होगी कार्रवाई

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 की धारा-11 तथा राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा नीति 2013 के प्रावधानों के तहत जिले में संचालित सभी निजी एवं शासकीय शाला पूर्व शिक्षा केन्द्रों, प्री-प्राइमरी एवं नर्सरी स्कूलों को संचालन से पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग से मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य कर दिया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बिना मान्यता अथवा मान्यता निरस्त होने के बाद किसी भी शाला पूर्व शिक्षा केन्द्र का संचालन करना दंडनीय माना जाएगा। विभाग द्वारा ऐसे संस्थानों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी निजी एवं शासकीय प्री-प्राइमरी एवं नर्सरी स्कूल संचालकों को महिला एवं बाल विकास विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए संचालक विभागीय पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्य://द्वश्च-2द्गस्त्रद्वद्धह्य.द्दश1.द्बठ्ठ/क्कद्गस्ध्द्यशशद्य/क्कस्थ्.ड्डह्यश्च× पर जाकर आवेदन एवं पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बालाघाट जिले में स्थित सभी स्कूल संचालकों से निर्धारित नियमों एवं मानकों का पालन करते हुए समय पर पंजीयन कराने की अपील की है, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना पंजीयन संचालित प्री-प्राइमरी एवं नर्सरी स्कूल पाए जाने पर विभाग द्वारा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर मृणाल मीना ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश..

### फार्मर रजिस्ट्री, नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा प्रकरणों की हुई विस्तृत समीक्षा..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 22 मई को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित कर विभिन्न राजस्व कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को समयसीमा के भीतर प्रकरणों के निराकरण तथा राजस्व कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री एम.आर. कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम बालाघाट श्री गोपाल सोनी उपस्थित रहे। जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने फार्मर रजिस्ट्री कार्यों की समीक्षा की। कुछ तहसीलों में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष शिविर आयोजित कर शेष किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र पूर्ण कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्री से वंचित नहीं रहना चाहिए।

नक्शा तरमीम कार्य की समीक्षा के दौरान लालबर्रा एवं कटंगी तहसीलों की प्रगति धीमी पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व अभिलेखों का अद्यतन एवं शुद्ध होना प्रशासनिक व्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा प्रकरणों तथा विभिन्न राजस्व मदों की वसूली की भी गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरण अनिवार्य रूप से आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज किए जाएं तथा अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान परसवाड़ा तहसील में लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों से कहा कि लंबी अवधि से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।


### क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*



### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**


### सूबेदार एवं उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 की

## शारीरिक प्रवीणता परीक्षा, दस्तावेज परीक्षण एवं साक्षात्कार 05 जून से 11 जून 2026 तक..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

सूबेदार एवं उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 के कुल 500 पदों पर भर्ती हेतु मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा ऑनलाईन परीक्षा दिनांक 29-04-2026 तक प्रदेश के चार शहरों-भोपाल, जबलपुर, सागर एवं सीधी में आयोजित कराई गई थी। उक्त परीक्षा का परिणाम दिनांक 18.05.2026 को वेबसाइट 222.द्गह्यड्ढ.द्वश्च.द्दश1. द्बठ्ठ पर घोषित किया जा चुका है। सफल उम्मीदवारों की शारीरिक प्रवीणता परीक्षा, दस्तावेज परीक्षण एवं साक्षात्कार की कार्यवाही मध्यप्रदेश के भोपाल में लाल परेड ग्राउण्ड, जहांगीराबाद भोपाल तथा जबलपुर के परेड ग्राउण्ड, 6वीं वाहिनी विसबल, रांझी जबलपुर में 05 जून से 11 जून 2026 तक होगी।

ऑनलाइन परीक्षा में सफल उम्मीदवार म.प्र.कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट से अपना सूचना पत्र डाउनलोड कर निर्धारित शारीरिक प्रवीणता परीक्षा स्थल पर पहुंच सकते हैं। सभी उम्मीदवारों को उनकी निर्धारित दिनांक को ही पहुंचना आवश्यक है। उम्मीदवार को शारीरिक प्रवीणता के लिये जो दिनांक व स्थान सूचित किया जा रहा है उस दिनांक व स्थान में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। शारीरिक दक्षता परीक्षण के दौरान आधार ई-केवायसी सत्यापन कराया जाएगा। अतः अभ्यर्थी अपना मूल आधार कार्ड साथ लेकर आएं। अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित करें कि उनका आधार नम्बर उनके द्वारा लॉक न कर दिया गया हो। दस्तावेज परीक्षण हेतु उम्मीदवारों को समस्त मूल आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं उनकी स्वयं प्रमाणित छायाप्रति (श्चद्धशह्लशष्शश्च4) साथ लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

जग प्रेरणा

# लालबर्रा / बैहर / परसवाडा

● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

## समाजसेवा की नई मिसाल बन रहा 23 वर्षीय युवा अमन राउत, जन्मदिन पर किया प्रेरणादायक सामाजिक अभियान..










जगप्रेरणा रजेगांव।

***आज के दौर में जहां अधिकतर युवा अपने जन्मदिन को केवल पार्टी और दिखावे तक सीमित रखते हैं, वहीं ग्राम रजेगांव का 23 वर्षीय युवा अमन राउत समाजसेवा और राष्ट्रभक्ति की अनोखी मिसाल बनकर उभर रहा है।***

साधारण परिवार से आने वाले अमन ने अपनी मेहनत से ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की और पत्रकारिता के क्षेत्र में भी लंबे समय से सक्रिय रहते हुए लगातार सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

अमन राउत वर्षभर जरूरतमंदों और आदिवासी अंचलों के बीच जाकर सेवा कार्य करते हैं। दीपावली जैसे त्योहारों पर वे गरीब और जरूरतमंद परिवारों के घर पहुंचकर उनके साथ दीप जलाते हैं, कपड़े वितरित करते हैं, बच्चों के साथ मिठाई बांटते हैं और खुशियां साझा करते हैं। इसके साथ ही वे हर वर्ष रक्तदान कर मानवता का संदेश देते हैं तथा ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर सेवा का परिचय देते हैं।

हर वर्ष 22 मई को अपने जन्मदिन के अवसर पर अमन कोई न कोई सामाजिक अभियान जरूर चलाते हैं। कभी आंगनवाड़ी पहुंचकर बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, कटर और रबर वितरित करते हैं तो कभी बच्चों के साथ मिठाई बांटकर अपने जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हैं।

लेकिन इस वर्ष अमन राउत ने ऐसा प्रेरणादायक कार्य किया, जिसने पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया। उन्होंने देश के महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी के छायाचित्र विभिन्न शासकीय कार्यालयों में पहुंचाकर युवाओं को देशभक्ति और बलिदान की भावना से जोड़ने का संदेश दिया। अमन ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को भगत सिंह जी का छायाचित्र भेंट किया, थाना किरनापुर में टीआई सहित पुलिस अधिकारियों को छायाचित्र प्रदान किया, रजेगांव पुलिस चौकी, पटवारी कार्यालय तथा ग्राम पंचायत रजेगांव में सरपंच-सचिव और कर्मचारियों को भी यह छायाचित्र भेंट किए।

अमन का कहना है कि आज के युवाओं को भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारियों के विचारों को जानना और अपनाना चाहिए। भगत सिंह केवल एक नाम नहीं, बल्कि देशभक्ति, साहस और क्रांति की ऐसी सोच हैं, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत को आजादी की राह दिखाई। उनका नारा ÷इंकलाब जिंदाबाद÷ आज भी युवाओं के भीतर देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा पैदा करता है।

अमन राउत ने बताया कि उन्हें समाजसेवा की प्रेरणा उनके बड़े भाई हितेश अजित से मिली, जो स्वयं एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता हैं। अमन का कहना है कि उन्होंने अपने बड़े भाई को हमेशा लोगों की मदद करते देखा और उन्हीं से सीखकर समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। ग्राम रजेगांव का यह युवा आज समाज के लिए प्रेरणा बनता जा रहा है। ऐसे युवाओं पर समाज को गर्व होना चाहिए, क्योंकि यही युवा आने वाली पीढ़ी को सेवा, संस्कार और राष्ट्रभक्ति का सही मार्ग दिखाते हैं।

## 22 मई को भी जनजातीय बसाहटों में पहुंचा प्रशासन, ग्रामीणों से किया संवाद

### 'सबसे दूर, सबसे पहले' अभियान के तहत लगातार जारी है जन-जागरूकता गतिविधियां







जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***पीएम-जनमन एवं डीए-जेजीयूए अंतर्गत संचालित 'जनभागीदारी - सबसे दूर, सबसे पहले' अभियान के तहत 22 मई को भी विकासखंड परसवाड़ा के दूरस्थ जनजातीय एवं बैगा बसाहटों में प्रशासनिक अमला पहुंचा और ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर***

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। अभियान के माध्यम से अंतिम छोर के पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

जिला कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश पर 18 से 25 मई तक चलाए जा रहे इस राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त शकुंतला डामोर तथा सहायक संचालक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीडी ठाकरे के मार्गदर्शन में प्राचार्य, अधीक्षक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी लगातार ग्रामों का भ्रमण कर रहे हैं।

अभियान के दौरान ढीपूर, झिरिया, जगनटोला, कातलबोडी सहित अन्य जनजातीय ग्रामों एवं बैगा बस्तियों में पहुंचकर ग्रामीणों को सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के लिए आवश्यक जानकारी संकलित की गई। अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा घर-घर पहुंचकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने एवं जनभागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

संतृप्ति शिविरों एवं जनसुनवाई गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के तहत ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ने के साथ ही शासन की योजनाओं के प्रति सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंचकर सीधे संवाद स्थापित करना जनहित में महत्वपूर्ण कदम है।

## मॉयल भरवेली में पहली बार रेस्क्यू रूम की स्थापना, आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती..



जगप्रेरणा भरवेली।

भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत संचालित मॉयल लिमिटेड द्वारा सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 20 मई को मॉयल भरवेली में पहली बार अत्याधुनिक रेस्क्यू रूम की स्थापना की गई।

यह पहल खदान क्षेत्र में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है। विशेष बात यह है कि बालाघाट जिले में इस प्रकार के रेस्क्यू रूम की स्थापना पहली बार की गई है। रेस्क्यू रूम का शुभारंभ मॉयल की पुरुष एवं महिला रेस्क्यू टीम के कप्तानों द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का स्वागत किया। नवस्थापित रेस्क्यू रूम में बचाव कार्यों में उपयोग आने वाले सभी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण उपकरणों तथा सामग्री को व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराया गया है, ताकि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जा सकें।

मॉयल प्रबंधन के अनुसार यह रेस्क्यू रूम भूमिगत एवं ओपन खदानों में किसी भी प्रकार की प्रतिकूल स्थिति, दुर्घटना अथवा आपदा के दौरान रेस्क्यू टीम को प्रभावी ढंग से कार्य करने में मदद करेगा। खदान क्षेत्रों में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के उद्देश्य से यह व्यवस्था तैयार की गई है, जिससे संकट की घड़ी में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उल्लेखनीय है कि लगभग छह माह पूर्व आयोजित राष्ट्रीय रेस्क्यू स्पर्धा में मॉयल की पुरुष एवं महिला रेस्क्यू टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस उपलब्धि ने मॉयल की सुरक्षा एवं बचाव क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई थी। प्रशिक्षित और अनुभवी रेस्क्यू टीम अब इस नए रेस्क्यू रूम के माध्यम से और अधिक प्रभावी तरीके से अपनी सेवाएं प्रदान कर सकेगी।

कार्यक्रम के दौरान खान प्रबंधक विवेक कुमार ने बताया कि मॉयल में रेस्क्यू टीम पहले से कार्यरत थी, लेकिन अब तक रेस्क्यू रूम की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। लंबे समय से इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए आज इसकी स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि मॉयल प्रबंधन हमेशा कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और समय-समय पर सुरक्षा संसाधनों को बढ़ाने के साथ-साथ कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के प्रति जागरूक भी करता रहता है।

उन्होंने आगे कहा कि किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होने पर प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम तत्काल अपनी सेवाएं देने के लिए उपलब्ध रहेगी। मॉयल के पास अनुभवी एवं विशेष प्रशिक्षण प्राप्त रेस्क्यू कर्मियों की टीम है, जो कठिन परिस्थितियों में भी प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम है। इस अवसर पर भरवेली, उकवा एवं तिरोड़ी इकाइयों की रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने सहभागिता की। वहीं, नागपुर मुख्यालय से डीजीएम श्री रामटेके विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा भविष्य में सुरक्षा संसाधनों को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। मॉयल भरवेली में रेस्क्यू रूम की स्थापना को सुरक्षा प्रबंधन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल माना जा रहा है, जो निश्चित रूप से खदान क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान करेगी।

## भारतनेट के माध्यम से ग्रामीण भारत में डिजिटल क्रांति ला रहा है बीएसएनएल..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बीएसएनएल भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों में से एक है जो मोबाइल, ब्रॉडबैंड, एफ्टीटीएच, एंटरप्राइज एवं डिजिटल कनेक्टिविटी सेवाएँ प्रदान करती है।***

इस सम्बन्ध जानकारी देते हुए श्री मिथिलेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, मध्यप्रदेश परिमंडल ने बताया कि भारतनेट उद्यमी ग्रामीण डिजिटल कनेक्टिविटी की रीढ़ साबित होंगे। इस पहल के माध्यम से बीएसएनएल न केवल इंटरनेट सेवाओं का विस्तार कर रहा है, बल्कि स्थानीय उद्यमिता एवं रोजगार को भी बढ़ावा दे रहा है। आगे उन्होंने बताया कि बीएसएनएल वर्तमान में 16 राज्यों में भारतनेट परियोजना का संचालन एवं रखरखाव कर रहा है। अब तक लगभग 6.94 लाख किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाई जा चुकी है तथा 2.18 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा जा चुका है। ग्रामीण भारत में 13 लाख से अधिक एफ्टीटीएच कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। बीएसएनएल द्वारा ÷भारतनेट उद्यमी÷ मॉडल को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्तमान में 7,700 से अधिक भारतनेट उद्यमी बीएसएनएल के साथ कार्य कर रहे हैं, जो ग्रामीण युवाओं एवं उद्यमियों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान कर रहे हैं।

बीएसएनएल लगातार ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक डिजिटल सेवाओं का विस्तार करने के लिए कार्यरत है। इस सिलसिले में बीएसएनएल ने भारतनेट परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण भारत में डिजिटल कनेक्टिविटी को सुलभ बनाने के लिए स्थानीय उद्यमियों, केबल ऑपरेटरों, स्टार्टअप्स, स्वयं सहायता समूह, तकनीकी रूप से सक्षम युवा, ग्राम पंचायत अथवा फर्म बहुत कम निवेश पर ऑनलाइन माध्यम से भारतनेट उद्यमी बना रहा है। बीएसएनएल द्वारा भारतनेट उद्यमियों को तकनीकी प्रशिक्षण, राजस्व साझेदारी मॉडल एवं विभिन्न प्रोत्साहन सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

भारतनेट उद्यमी योजना का उद्देश्य देश के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक उच्च गति ब्रॉडबैंड सेवाएं पहुँचाकर डिजिटल इंडिया मिशन को मजबूत करना है। इस पहल के माध्यम से बीएसएनएल स्थानीय साझेदारों के सहयोग से स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, पंचायत कार्यालयों, कृषि संस्थानों तथा अन्य सरकारी संस्थाओं को भी हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड सेवाओं से जोड़ा जा रहा है।

बीएसएनएल के आधुनिक एवं नवीनतम तकनीक पर आधारित एफ्टीटीएच एवं भारतनेट नेटवर्क का लाभ उठाते हुए, भारतनेट उद्यमी कार्यक्रम से जुड़कर अपना ब्रॉडबैंड एवं डिजिटल सेवा व्यवसाय शुरू करने से न सिर्फ नियमित मासिक आय अर्जित कर सकते हैं बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं 7 अधिक जानकारी के लिए निकटतम बीएसएनएल कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं ।

### कार्यालय ग्राम पंचायत आमगांव
### ज.पं. बैहर जिला बालाघाट म.प्र

क्रमांक - क्यू/ग्रा.पं.
दिनांक 23.05.2026

**।। निविदा सूचना ।।**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत आमगांव जनपद पंचायत बैहर अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 01.04.26. से 31.03.27 की अवधि के लिए 15वां वित्त, 5वां वित्त, मनरेगा, विधायक निधि, गौण खनिज, पंचायत निधि, जनपद निधि, जिला पंचायत निधि, स्वच्छ भारत मिशन आदि अन्य मदों से विभिन्न विकास कार्यो के लिए प्रयुक्त निमार्ण सामाग्री इलेक्टानिक उपकरण बल्ब, पुल पुलिया, पाईप, फोटोकापी स्टेशनरी, कम्प्युटर सामाग्री एवं बल्ब, पंखे, डस्टबिन, सिमेंट कुर्सी, फेंसिंग पोल, तार, भवन निर्माण सामाग्री, स्वच्छता सामाग्री आदि कय हेतु तथा इससे संबंधित उपकरण ट्रैक्टर, मिक्चर मशीन, सेंट्रिंग, मिट्टी, मुरम, एवं अन्य सामाग्री के लिए निविदा प्रकाशन तिथि से 31/05/2026 तक सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। निविदाकर्ता की फर्म रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। वहीं निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा।

निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत आमगांव में जमा कर सकते है।

श्री शिवलाल सैयाम, सरपंच | श्री आशीष मरकाम, सचिव | राजेन्द्र शांडिल्य, रोजगार सहायक

उपसरपंच एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत आमगांव

### न्यायालय तहसीलदार परसवाडा

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क.0007.... ड - 154.... वर्ष 2026-27
मौजा बघोली प.ह.न. 22-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम बघोली तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट को सूचित किया जाता है कि आवेदक गीताबाई आ. गोमासिंह जाति गोंड निवासी ग्राम बघोली तहसील परसवाडा जिला बालाघाट ने अपने पिता गोमासिंह मड़ावी पिता मुक्की मड़ावी की मृत्यु दिनांक 10-02-2021 के मृत्यु संबंध घटना का ग्राम पंचायत बघोली में रजिस्ट्रीकरण नही होने से मृत्यु की प्रविष्टि ग्राम पंचायत बघोली मे दर्ज कर मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति विशेष को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो नियत दिनांक 04/6/2026 तक मेरे न्यायलय मे स्वंय उपस्थित होकर अथवा अपने अधिकर्ता के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार
परसवाडा

### क्रार्यालय तहसीलदार तहसील
### बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र)

**।। ज्ञापन ।।**


क्रमांक/422 /प्रवा./तह./2026 बिरसा दिनांक 18/05/2026

विषयांतर्गत के संबंध में लेख हैं कि आवेदिका ज्योति ठाकुर पिता बलदेवसिंह जाति राजपुत निवासी रेंहगी तहसील बिरसा, जिला-बालाघाट के द्वारा ग्राम रेहंगी में स्थित भूमि खसरा नंबर 203 /2 रकबा 0.081 हें0 भूमि का अनावेदिका प्रीति बैस पिता बलदेवसिंह निवासी वार्ड नंबर 21 दुर्गा कालोनी छिन्दवाड़ा जिला छिन्दवाडा, रेखा चौहान पिता बलदेवसिंह निवासी सिविल लाईन वार्ड नंबर 09 बैहर, तहसील बैहर, जिला-बालाघाट एंव किर्ती बैस पिता बलदेवसिंह निवासी आई हॉस्पीटल के पास परासिया जिला छिन्दवाडा के मध्य हक अंश के आधार पर बटवारा किये जाने के संबंध में इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। उक्त खसरे की भूमि के बटवारा के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति दिनांक 26/05/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। ध्यान रहें समयावधि समाप्त हो जाने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। ईश्तहार आज दिनांक 18/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की सील मुद्रा सहित जारी किया जाये।

जारी दिनांकः- 18/05/2026
पेशी दिनांकः- 26/05/2026

तहसीलदार
तहसीलदार बिरसा












दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

पिंटू गुप्ता तिरोड़ी
मो. 8770664297


# जनपद पंचायत खैरलांजी अध्यक्ष आशु बघेले का निर्वाचन निरस्त..

## हाईकोर्ट के निर्देश पर कलेक्टर न्यायालय का बड़ा फैसला, ओबीसी प्रमाण-पत्र विवाद में कार्रवाई..

जगप्रेरणा खैरलांजी।

***खैरलांजी में जनपद पंचायत अध्यक्ष पद को लेकर चल रहे बहुचर्चित निर्वाचन विवाद में कलेक्टर न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य श्रीमती आशु बघेले का निर्वाचन निरस्त कर दिया है। यह आदेश 14 मई 2026 को पारित किया गया।***

प्रकरण की शुरुआत जनपद सदस्य खुशबू बिसेन द्वारा दायर निर्वाचन याचिका से हुई थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि श्रीमती आशु बघेले ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ह्रक्रष्ट) महिला हेतु आरक्षित सीट से चुनाव लड़ते समय मध्यप्रदेश शासन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया था। उनके पास केवल महाराष्ट्र शासन द्वारा जारी पिंजारा जाति प्रमाण-पत्र था, जबकि मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियमों के अनुसार आरक्षित सीट पर चुनाव लडऩे के लिए मध्यप्रदेश का जाति प्रमाण-पत्र आवश्यक है।

मामला पहले कलेक्टर न्यायालय में पहुंचा था, जहां से पारित आदेश को चुनौती देते हुए प्रकरण मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय पहुंचा। हाईकोर्ट ने 19 फरवरी 2026 को पूर्व आदेश निरस्त करते हुए मामले को पुनर्विचार के लिए वापस भेजा था।

न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि 1 फरवरी 2019 को संशोधित पंचायत निर्वाचन नियमों के अनुसार आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र अनिवार्य है और केवल शपथ-पत्र इसके स्थान पर स्वीकार नहीं किया जा सकता।

पुनः सुनवाई के दौरान अनावेदक पक्ष ने राज्य निर्वाचन आयोग के परिपत्र एवं शपथ-पत्र के आधार पर नामांकन वैध बताए जाने की दलील दी, वहीं आवेदिका पक्ष ने सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयों का हवाला देते हुए निर्वाचन निरस्त करने की मांग की।

कलेक्टर न्यायालय ने अपने विस्तृत आदेश में कहा कि श्रीमती आशु बघेले ने नामांकन पत्र के संबंधित कॉलम में स्वयं ÷नहीं÷ अंकित कर यह स्वीकार किया था कि उनके पास मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं था। न्यायालय ने माना कि महाराष्ट्र का प्रमाण-पत्र मध्यप्रदेश में आरक्षण लाभ के लिए मान्य नहीं माना जा सकता तथा नामांकन स्वीकार किया जाना वैधानिक त्रुटि थी।

न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि पुनरीक्षण याचिका दायर होने मात्र से मूल आदेश पर स्वतः रोक नहीं लगती। बाद में उच्च न्यायालय द्वारा पुनरीक्षण याचिका भी खारिज कर दी गई, जिसके बाद कलेक्टर न्यायालय ने अंतिम निर्णय पारित किया।

आदेश के अनुसार श्रीमती आशु बघेले को जनपद पंचायत खैरलांजी के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 19 से जनपद सदस्य तथा अध्यक्ष पद हेतु अयोग्य घोषित करते हुए दोनों निर्वाचन शून्य एवं निरस्त घोषित किए गए हैं। साथ ही सक्षम प्राधिकारी को रिक्त पदों पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# आत्मा परियोजना कार्यालय बालाघाट में डीएसआर पद्धति पर प्रशिक्षण आयोजित..

## उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने किसानों को दी वैज्ञानिक खेती की जानकारी..





जगप्रेरणा बालाघाट।

कृषि विभाग द्वारा खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर किसानों को आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों से जोडऩे के उद्देश्य से आत्मा परियोजना कार्यालय बालाघाट में 22 मई को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय द्वारा किसानों को डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति से धान की बोनी करने की तकनीक के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान श्री मालवीय ने बताया कि डीएसआर पद्धति पारंपरिक रोपा पद्धति की तुलना में कम लागत, कम श्रम एवं कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली आधुनिक तकनीक है। इस पद्धति में धान की सीधे खेत में बुवाई की जाती है, जिससे समय एवं संसाधनों की बचत होती है। उन्होंने किसानों को खेत की तैयारी, बीज उपचार, उन्नत किस्मों का चयन, संतुलित उर्वरक उपयोग, खरपतवार नियंत्रण एवं सिंचाई प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है और डीएसआर पद्धति जल बचत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इससे किसानों की उत्पादन लागत कम होती है तथा फसल की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। प्रशिक्षण में किसानों को सुपर सीडर एवं अन्य कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, कृषि विस्तार अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों ने प्रशिक्षण में रुचि लेते हुए डीएसआर तकनीक से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने किसानों से खरीफसीजन में अधिक से अधिक डीएसआर पद्धति अपनाने की अपील करते हुए कहा कि आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती ही कृषि को लाभकारी बना सकती है। उन्होंने किसानों को शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया।

# जिला खेल अधिकारी ने किया आरोह 2026 खेल शिविर का औचक निरीक्षण

## खिलाडिय़ों से संवाद कर दिया फिटनेस, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश









जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग बालाघाट द्वारा आयोजित ÷आरोह 2026÷ समर खेल शिविर के अंतर्गत विकासखंड लालबर्रा के औल्याकन्हार फिजिकल***

क्लब में जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खिलाडिय़ों एवं प्रशिक्षकों से चर्चा कर शिविर की गतिविधियों का जायजा लिया तथा बच्चों को खेलों के माध्यम से अनुशासन, फिटनेस और टीमवर्क अपनाने के लिए प्रेरित किया। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित यह समर कैंप 1 मई से प्रारंभ होकर 31 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है।

जिले के समस्त विकासखंडों एवं जिला मुख्यालय में आयोजित इस शिविर में बच्चों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। शिविर में सभी प्रतिभागी ऑनलाइन पंजीयन के माध्यम से हिस्सा ले रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जिला खेल अधिकारी ने प्रशिक्षक राधिका यादव, स्वाति दमाहे एवं विजेंद्र युइके से शिविर संचालन और खिलाडिय़ों की गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त कर उनसे संवाद किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए खेल मैदान में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से अपने घरों में भी एक-एक पेड़ लगाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि समर कैंप बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल गतिविधियों के साथ-साथ गीत-संगीत, नृत्य, चित्रकला, रंगोली एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों का समग्र व्यक्तित्व विकास हो रहा है। कैंप के माध्यम से बच्चे खेलों के साथ अनुशासन, टीमवर्क, फिटनेस और नेतृत्व क्षमता जैसे जीवन कौशल भी सीख रहे हैं।

जिला खेल अधिकारी ने खिलाडिय़ों को खेलों में भविष्य निर्माण की संभावनाओं तथा खेल शिक्षा से जुड़े अवसरों की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास और समर्पण से खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकते हैं। इस दौरान कराते प्रशिक्षक एवं ब्लॉक समन्वयक संतोष पारधी ने बच्चों को पारंपरिक खेलों जैसे गिल्ली-डंडा, पिट्ठू, कबड्डी और खो-खो से जुडऩे के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि ये स्वदेशी एवं सांस्कृतिक खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ भारतीय खेल संस्कृति को भी मजबूत बनाते हैं।

ब्लॉक समन्वयक लव पटेल ने बताया कि आरोह समर कैंप में 6 से 29 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। खिलाड़ी प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तथा शाम 5 से 7 बजे तक नियमित अभ्यास कर रहे हैं। शिविर में खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। औल्याकन्हार फिजिकल क्लब एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से बच्चों को नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, पर्यावरण जागरूकता, फिट इंडिया गतिविधियों, व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित जानकारी भी दी जा रही है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत औल्याकन्हार फिजिकल क्लब के अध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि ओपी बिसेन ने खेल मैदान के विकास एवं खिलाडिय़ों, महिलाओं, बुजुर्गों तथा युवाओं के लिए ओपन जिम स्थापित करने की मांग जिला खेल अधिकारी के समक्ष रखी। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि ओपी बिसेन, प्रशिक्षक शैलेंद्र यादव, राधिका नायक, स्वाति दमाहे, विजेंद्र युइके, जय ठाकरे, ब्लॉक समन्वयक लव पटेल नगपुरे सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# भौरगढ़ में अवैध रेत भंडारण पर प्रशासन की कार्रवाई, 8 ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत जब्त..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 21 मई 2026 को उपसंचालक (खनिज प्रशासन)***

सुश्री फरहत जहां के निर्देश पर तहसील खैरलांजी के ग्राम भौरगढ़ में संयुक्त रूप से आकस्मिक जांच अभियान चलाया गया।

कार्रवाई के दौरान तहसीलदार खैरलांजी, खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल, नायब तहसीलदार डी.एल. परते तथा थाना खैरलांजी के पुलिस अमले ने ग्राम भौरगढ़ में मुख्य सड़क किनारे खनिज रेत का अवैध भंडारण पाए जाने पर जांच की। मौके पर लगभग 8 ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत का भंडारण पाया गया।

जांच के दौरान उपस्थित किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त रेत के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या मालिकाना हक प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके चलते प्रशासन ने रेत को लावारिस मानते हुए अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध जप्ती की कार्रवाई की। जप्त की गई रेत को अन्य वाहनों की सहायता से थाना खैरलांजी लाकर सुरक्षार्थ पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। मामले में नियमानुसार प्रकरण तैयार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-97 में कैडेट्स को दिया गया प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण



जगप्रेरणा बालाघाट।

***एनसीसी के दस दिवसीय 97वें संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को अनुशासन, स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है।***

शिविर में प्रतिदिन प्रातःकाल पीटी एवं योगा के माध्यम से कैडेट्स को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का अभ्यास कराया जा रहा है। इसके पश्चात कैडेट्स की ड्रिल प्रैक्टिस एवं ऑनर गार्ड की कक्षाएं आयोजित की गईं, जो एनसीसी प्रशिक्षण का प्रमुख हिस्सा हैं। साथ ही नियमित एनसीसी कक्षाओं का भी संचालन किया गया।



शिविर के सायंकालीन विशेष व्याख्यान सत्र में युवा चिकित्सक डॉ. वैद्य एवं डॉ. फाल्गुनी थोंबरे ने कैडेट्स को प्राथमिक उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि किसी दुर्घटना या बीमारी की स्थिति में डॉक्टर के पहुंचने से पहले घायल व्यक्ति को किस प्रकार तत्काल सहायता प्रदान की जानी चाहिए। इस दौरान प्राथमिक उपचार के प्रथम चरण 'एबीसी' की जानकारी दी गई तथा खून बहना रोकने, सीपीआर देने एवं अन्य जरूरी प्राथमिक उपचार विधियों का प्रशिक्षण भी दिया गया। चिकित्सकों ने मेडिकल क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर भी प्रकाश डालते हुए एमबीबीएस, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी, डेंटिस्ट एवं फार्मेसी जैसे क्षेत्रों में भविष्य निर्माण के संबंध में कैडेट्स का मार्गदर्शन किया।

इधर शिविर में खेलकूद गतिविधियां भी समापन की ओर हैं। खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत रस्साकसी का फाइनल मुकाबला ब्रेवो एवं चार्ली कंपनी के बीच आयोजित किया गया। इसमें सीनियर डिवीजन एवं जूनियर डिवीजन दोनों वर्गों में ब्रेवो कंपनी विजेता रही। विजेता कैडेट्स को कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी एवं पीआई स्टाफ सहित सभी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए 26 मई को निःशुल्क नेत्र रोग शिविर आयोजित होगा

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में 26 मई 2026, मंगलवार को जिला चिकित्सालय परिसर स्थित डीईआईसी केंद्र में निःशुल्क नेत्र रोग निदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।***

शिविर सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक संचालित होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए यह विशेष नेत्र रोग शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में नागपुर एवं बालाघाट के विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने अभिभावकों से अपील की है कि ऐसे सभी बच्चे जो जन्मजात मोतियाबिंद, आरओपी, भेंगापन या तिरछापन, टॉसिस, कॉर्निया एवं रेटिना संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं, वे शिविर में पहुंचकर जांच एवं उपचार का लाभ लें। उन्होंने बताया कि मरीज अपने साथ पुरानी मेडिकल रिपोर्ट, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लेकर आएं। डॉ. परेश उपलप ने बताया कि शिविर के लिए जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक श्री राजाराम चक्रवर्ती को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके अनुसार शिविर में आने वाले सभी बच्चों की जांच निःशुल्क की जाएगी। जिन बच्चों का चयन सर्जरी के लिए किया जाएगा, उनका उपचार आयुष्मान भारत योजना एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत पूरी तरह निःशुल्क कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि चिन्हित बच्चों की सर्जरी जिले, प्रदेश तथा प्रदेश के बाहर चयनित अस्पतालों में भी निःशुल्क कराई जाएगी, ताकि जरूरतमंद बच्चों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके।




जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी

मो. 7697505999

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - 9329033433

### खबर छपने के बाद जागा आबकारी विभाग..

## विनो ट्रेडिंग पर 2 लाख 25 हजार 736 रुपए का जुर्माना, 10 हजार का अतिरिक्त जुर्माना अधिरोपित





शराब सिंडिकेट के सामने प्रशासन नतमस्तक निर्धारित मूल्य से ज्यादा वसूल रहे दुकानदार..

गांव-गांव पैकारों से बिक रही शराब..

विशेष सर्व ऑपरेशन का भी कहीं कोई असर नहीं..

केवल अखबारों की सुर्खियां बनने के लिए ही डिजिटल निगरानी..

जगप्रेरणा लांजी।

***लंबे समय से शराब दुकानों में निर्धारित दरों से अधिक कीमत वसूले जाने की शिकायतें सामने आ रही थीं, लेकिन आबकारी विभाग मानो कुंभकर्णीय नींद में***

सोया हुआ था। पत्रकारों और आम लोगों द्वारा लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी फोन उठाना तक जरूरी नहीं समझ रहे थे। अब जब मामला अखबारों की सुर्खियां बना और प्रशासनिक सख्ती बढ़ी, तब जाकर विभाग ने धड़ाधड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त लांजी द्वारा 07 मई 2026 को की गई आकस्मिक टेस्ट परचेस कार्रवाई में कम्पोजिट मदिरा दुकान लांजी-बी में गंभीर अनियमितता पकड़ी गई।

निरीक्षण के दौरान विदेशी मदिरा रॉयल स्टेग व्हिस्की पाव (180 एमएल) निर्धारित अधिकतम विक्रय मूल्य 260 रुपये के स्थान पर 300 रुपये में बेची जाती पाई गई। यानी ग्राहकों से खुलेआम प्रति पाव 40 रुपये अधिक वसूले जा रहे थे। मामले में म.प्र. राजपत्र (असाधारण) 20 फरवरी 2026 की कंडिका 21.1 तथा सामान्य अनुज्ञप्ति की शर्त क्रमांक 7, 18, 20 एवं 22 का उल्लंघन पाया गया। इस संबंध में विनो ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन निर्धारित समय में जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

इसके बाद आबकारी विभाग ने प्रथम अपराध मानते हुए 2 लाख 25 हजार 736 रुपये की शास्ति तथा 10 हजार रुपये अतिरिक्त जुर्माना अधिरोपित कर प्रकरण का शमन किया। हालांकि बड़ा सवाल अब भी यही है कि यह कार्रवाई आखिर कब तक जारी रहेगी? क्या यह केवल कुछ दिनों की दिखावटी सख्ती है या वास्तव में शराब दुकानों में चल रही मनमानी पर स्थायी लगाम लगेगी? क्षेत्र में लंबे समय से एमआरपी से अधिक कीमत वसूले जाने की शिकायतें आती रही हैं, लेकिन कार्रवाई तब शुरू हुई जब मीडिया ने मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। अब आबकारी अधिकारी स्वयं जनसंपर्क विभाग के माध्यम से कार्रवाई की जानकारी भेजकर सुर्खियों में बने हुए हैं। मगर जनता यह जानना चाहती है कि जब उपभोक्ताओं से खुलेआम अधिक वसूली हो रही थी तब विभाग की निगरानी व्यवस्था आखिर कहां थी। फिलहाल कार्रवाई ने जरूर विभाग की सक्रियता दिखाई है, लेकिन यह सक्रियता स्थायी रहेगी या फिर शिकायतों का दौर लौटते ही सब पहले जैसा हो जाएगा, यह आने वाला समय ही बताएगा।

## भारत में संचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधी पुण्यतिथि पर दी कांग्रेसियो ने श्रद्धांजलि..







जगप्रेरणा लांजी।

***ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला एवं नगर कांग्रेस कमेटी लांजी के संयुक्त तत्वावधान में 21 मई 2026 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा, संचार***

क्रांति के जनक एवं पंचायती राज के पुरोधा स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन नगर कांग्रेस कमेटी लांजी के अध्यक्ष सौरभ मोनू पशीने के निवास स्थान पर किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय राजीव गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित वक्ताओं ने अपने उद्बोधनों में राजीव गांधी के जीवन, व्यक्तित्व एवं देश के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी के अध्यक्ष रेवाजी करहाटकरे ने कहा कि भारत में कंप्यूटर एवं संचार क्रांति की नींव रखने में राजीव गांधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आईटी क्षेत्र में उनके कार्यों को देश कभी नहीं भूल सकता।

जनपद पंचायत लांजी के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र यशवंतराव खोंगल ने कहा कि देश में पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच का परिणाम थी। उन्होंने कहा कि युवाओं की लोकतंत्र में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करना ऐतिहासिक निर्णय था। सेवानिवृत्त शिक्षक शाहजहां बेग ने राजीव गांधी को असाधारण प्रतिभा का धनी एवं आधुनिक भारत की आधारशिला रखने वाला नेता बताया। वहीं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति उमरे ने कहा कि राजीव गांधी की दूरदृष्टि आज भी देश के विकास और आमजन के उत्थान में मार्गदर्शक बनी हुई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लांजी-किरनापुर क्षेत्र की पूर्व विधायक, मध्यप्रदेश विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव सुश्री हिना कावरे ने कहा कि जिस सोच और दूरदर्शिता के साथ राजीव गांधी ने देश को आईटी और आधुनिकता के क्षेत्र में आगे बढ़ाया, वही जज्बा आज राहुल गांधी में दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानती है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल, सरपंच संघ अध्यक्ष ललित कबीरे, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मनीष जुझार, अनमोल तिडके, अशोक पालीवाल, चन्दु किरनापुरे, नीलोफर खान, गणेश बागड़े, अमन रमेंद्र श्रीवास्तव, भरतलाल बड़में, अफसाना अंसारी, मनीषा रविंद्र धारने, आशीष सोनू श्रीवास्तव, मुकेश रणदीवे, सीताराम बड़में, नरेंद्र नाथ मोतीचूर, सिद्धीक अंसारी, प्रभुदयाल किरमे, ज्ञानवंती भलावी, माणिकराव वानखेड़े, दीपक वानखेड़े, रविकिरण बड़में, प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, किशनलाल मेहरबान, रियाज शेख, सपना अनुराग पशीने, विवेक राऊत, स्मिता राऊत, रामराज चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ मोनू पशीने ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जनपद पंचायत लांजी के सभापति दिनेश लांडे ने व्यक्त किया।

## बेनेगाँव पंचायत में संबल योजना से मिला हितग्राहियों को लाभ..



जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना 'संबल 2.0' के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेनेगांव में मृतक हितग्राहियों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।***

कार्यक्रम में पात्र हितग्राहियों को 5-5 हजार रुपये की सहायता राशि वितरित की गई।

इस दौरान स्वर्गीय यशवंतराव पिता स्व. नोहरलाल बुढ़ावने के निधन पर उनके पुत्र सतीश बुढ़ावने को 5000 रुपये, स्व. यनटुदास गजभीये के निधन पर उनके पुत्र शुभम गजभीये को 5000 रुपये, स्व. हरिश्चंद्र बावनकर के निधन पर उनके पुत्र धनराज बावनकर को 5000 रुपये तथा स्व. खेलन बाई शक्करपुड़े के निधन पर उनके पुत्र सीताराम शक्करपुड़े को 5000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच संतोष परसराम बुढ़ावने, उपसरपंच दीपक महेंद्र उके, रोजगार सहायक नरेश शक्करपुड़े पंच गण एवं पंचायत भृत्य फुलचंद धारने सहित ग्राम के गणमान्य गण अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने मध्यप्रदेश सरकार की जनहितकारी 'संबल 2.0' योजना की सराहना करते हुए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### बोले सरपंच संतोष परसराम बुढ़ावन..

'मध्यप्रदेश शासन की संबल 2.0 योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए बहुत ही लाभकारी योजना है। आज ग्राम पंचायत बेनेगांव में पात्र हितग्राहियों के परिजनों को सहायता राशि प्रदान की गई। शासन की मंशा है कि संकट की घड़ी में परिवारों को आर्थिक सहारा मिल सके। मैं मध्यप्रदेश सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है।'

## संध्याकालीन शिविर में किसानों को दी जानकारियां, शासन की योजनाओं का ले लाभ





जगप्रेरणा लांजी।

***जिले में आम जनता एवं किसानों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए कलेक्टर बालाघाट द्वारा लगातार नवाचारपूर्ण पहले की जा रही हैं।***

प्रशासन की कोशिश है कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक भी सुविधाएं सरल और सहज रूप से पहुंचें। ग्रामीण अंचलों में रात्रिकालीन शिविर आयोजित कर किसानों को मौके पर ही सेवाएं उपलब्ध कराना कलेक्टर की दूरगामी सोच, जनहितैषी कार्यशैली एवं कार्यकुशल प्रशासनिक दृष्टिकोण का प्रमाण माना जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर बालाघाट के निर्देशानुसार 21 मई 2026 को लांजी तहसील के ग्राम टेमनी में शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु रात्रिकालीन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में हल्का पटवारी प्रिंशु दुबे, कृषि विस्तार अधिकारी अमित नारनौरे एवं ग्राम रोजगार सहायक संतोष पंचाले उपस्थित रहे तथा किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य किया गया। कैंप के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को नरवाई प्रबंधन, हरी खाद के उपयोग, ई-टोकन व्यवस्था एवं धान की डीएसआर पद्धति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया।

अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने एवं शासन की योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने बताया कि शासन की ई-विकास प्रणाली के माध्यम से खाद प्रदाय सहित विभिन्न कृषि सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। इसलिए सभी किसान भाइयों से समय पर अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री करवाने की अपील की गई।

## खाद्य सुरक्षा विभाग का होटलो पर छापा: गुणवत्ता पूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने दिये निर्देश..






जगप्रेरणा लांजी।

***गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग बालाघाट ने आम जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सख्ती बढ़ा दी है।***

इसी क्रम में विगत दिनों लांजी क्षेत्र में अचानक छापेमारी की गई। टीम ने लोकप्रिय होटलों और मिष्ठान भंडारों पर एक साथ दबिश दी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने लांजी स्थित कृष्ण बीकानेर मिष्ठान भंडार, होटल शिवराज और श्री नैवेद्यम होटल में गहन जांच अभियान चलाया। टीम ने इन प्रतिष्ठानों के किचन, स्टोर रूम और सम्पूर्ण परिसर की साफ-सफाई का मुआयना किया। साथ ही मौके पर बिक रहे ग्रीष्मकालीन पेय पदाथो- लस्सी, छाछ एवं कोल्ड ड्रिंक के नमूने जांच के लिए जब्त कर लिए गए।

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में लस्सी, छाछ, शरबत, जूस और कोल्ड ड्रिंक्स की खपत काफी बढ़ जाती है। ऐसे में इन पेय पदार्थों के उत्पादन, भंडारण और विक्रय में किसी भी प्रकार की लापरवाही उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती है। इसलिए जिले भर में यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने कहा, 'उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। लांजी के बाद अब जिले के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की जांच अभियान चलाए जाएंगे। जो प्रतिष्ठान स्वच्छता और गुणवत्ता के मानकों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

### सभी प्रतिष्ठानों में मिले खाद्य लाइसेंस..

जांच के दौरान पाया गया कि तीनों प्रतिष्ठानों के पास वैध खाद्य लाइसेंस उपलब्ध हैं। पूर्व में जारी किए गए सुधार नोटिसों पर भी इन प्रतिष्ठानों द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर ली गई है। खाद्य सुरक्षा टीम ने स्वच्छता मानकों की अनुपालन स्थिति पर संतोष जताते हुए कुछ बिंदुओं पर सुझाव भी दिए।

लांजी बाजार में दुकानदारों और उपभोक्ताओं ने इस अभियान का स्वागत किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि एक छोटी सी लापरवाही पूरे परिवार को बीमार कर सकती है।

## एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-97 में कैडेट्स को दी गई प्राथमिक उपचार की जानकारी





जगप्रेरणा बालाघाट।

***एनसीसी के दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-97 में कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की जा रही हैं।***

शिविर में प्रतिदिन की शुरुआत प्रातःकालीन पीटी एवं योगा से की जा रही है, जिससे कैडेट्स मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। इसके बाद कैडेट्स को ड्रिल प्रैक्टिस एवं वॉटर गार्ड की प्रशिक्षण कक्षाएं आयोजित कर नियमित एनसीसी गतिविधियों का संचालन किया गया।

शिविर के अंतर्गत आयोजित विशेष व्याख्यान सत्र में डॉ. वैद्य एवं युवा चिकित्सक डॉ. फाल्गुनी थोंबरे ने कैडेट्स को प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी दुर्घटना या बीमारी की स्थिति में डॉक्टर के पहुंचने से पहले घायल व्यक्ति को किस प्रकार तत्काल सहायता प्रदान की जानी चाहिए।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के प्रथम चरण **"ABC"** के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही खून बहना रोकने, सीपीआर **(CPR)** देने एवं अन्य आवश्यक प्राथमिक उपचार विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कैडेट्स को दिया गया।

इस दौरान मेडिकल क्षेत्र में करियर निर्माण को लेकर भी कैडेट्स का मार्गदर्शन किया गया। एमबीबीएस, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी, डेंटिस्ट एवं फार्मेसी जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों एवं संभावनाओं की जानकारी साझा की गई।

शिविर में खेलकूद गतिविधियां भी उत्साहपूर्वक संचालित की जा रही हैं। रस्साकसी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले ब्रेवो एवं चार्ली कंपनी के बीच आयोजित किए गए। सीनियर एवं जूनियर दोनों वर्गों में ब्रेवो कंपनी विजेता रही। विजेता प्रतिभागियों को कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया एवं उनका उत्साहवर्धन किया।

# लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433



जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख







दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433


## भोजशाला : जहां संघर्ष ने लिखा आस्था, धैर्य और धर्म विजय का नया इतिहास

भोजशाला केवल एक ऐतिहासिक इमारत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, ज्ञान, कला और आस्था का ऐसा प्रतीक है, जिसने सदियों के उतार-चढ़ाव को देखा है। मध्यप्रदेश के धार नगर में स्थित यह स्थान लंबे समय से विवाद, संघर्ष और न्यायिक प्रक्रिया का केंद्र रहा है। किंतु इसके साथ जुड़ी करोड़ों हिंदुओं की आस्था कभी कमजोर नहीं हुई। वर्षों तक चले संघर्ष, आंदोलनों, न्यायालयों की सुनवाई और सामाजिक दबाव के बाद आज फिर भोजशाला में मां सरस्वती की वंदना गूंजना केवल एक धार्मिक घटना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और आस्था की विजय के रूप में देखा जा रहा है।

इतिहास के पन्नों में भोजशाला को राजा भोज की विद्या और संस्कृति की राजधानी के रूप में जाना जाता है। परमार वंश के महान राजा भोज केवल एक शासक नहीं, बल्कि विद्वान, साहित्यकार और कला संरक्षक भी थे। कहा जाता है कि उन्होंने इस स्थान को मां वाग्देवी अर्थात मां सरस्वती की आराधना और शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित किया था। यहां संस्कृत, वेद, शास्त्र और भारतीय ज्ञान परंपरा का अध्ययन होता था। यही कारण है कि हिंदू समाज भोजशाला को केवल पत्थरों की इमारत नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कृति की देवी मां सरस्वती का मंदिर मानता है।

समय के साथ विदेशी आक्रमणों और सत्ता परिवर्तन के कारण इस स्थल की पहचान को लेकर विवाद उत्पन्न हुए। वर्षों तक यह स्थान राजनीतिक और धार्मिक खींचतान का केंद्र बना रहा। विशेष रूप से वर्ष 1997 में उस समय की सरकार द्वारा हिंदुओं के पूजा-अधिकारों पर लगाए गए प्रतिबंधों ने व्यापक असंतोष पैदा किया। हिंदू समाज को यह लगा कि उनकी आस्था और परंपराओं को राजनीतिक तुष्टिकरण के कारण दबाया जा रहा है। उस समय से भोजशाला केवल एक धार्मिक स्थल का मुद्दा नहीं रहा, बल्कि यह सांस्कृतिक अधिकारों और ऐतिहासिक पहचान की लड़ाई बन गया।

इसके बाद वर्ष 2003 की बसंत पंचमी का दिन संघर्ष के इतिहास में विशेष रूप से याद किया जाता है। मां सरस्वती की पूजा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोजशाला पहुंचे थे। उनके मन में केवल पूजा और आराधना की भावना थी, लेकिन उस समय की सरकार ने कठोर प्रशासनिक रवैया अपनाया। श्रद्धालुओं पर लाठीचार्ज हुआ, अनेक लोग घायल हुए और पूरे देश में इस घटना ने आक्रोश पैदा किया। हिंदू समाज ने इसे अपनी आस्था पर आघात के रूप में देखा। हालांकि सत्ता और प्रशासन की कठोरता के बावजूद श्रद्धालुओं का विश्वास नहीं टूटा। लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों की लड़ाई जारी रखी।

वर्षों तक भोजशाला का मुद्दा अदालतों, प्रशासनिक आदेशों और राजनीतिक मंचों पर चर्चा का विषय बना रहा। कई बार ऐसा लगा कि यह संघर्ष लंबा और जटिल हो जाएगा, लेकिन हिंदू समाज ने अपने आंदोलन को जीवित रखा। इस पूरे संघर्ष में सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि लोगों ने अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने के लिए निरंतर आवाज उठाई। उनके लिए भोजशाला केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और सभ्यता का प्रतीक थी।

समय के साथ पुरातत्व और ऐतिहासिक तथ्यों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किए गए सर्वे में कई ऐसे प्रमाण सामने आए, जिन्होंने भोजशाला के मंदिर स्वरूप को मजबूत आधार दिया। स्थापत्य शैली, शिलालेख, मूर्तिकला और अन्य ऐतिहासिक साक्ष्यों ने यह संकेत दिया कि यह स्थान मूल रूप से मां वाग्देवी से जुड़ा हुआ था। वर्ष 2024 के एएसआई सर्वे ने इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद न्यायिक प्रक्रिया ने भी गति पकड़ी।

वर्ष 2026 में हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला इस लंबे संघर्ष का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। न्यायालय ने उपलब्ध ऐतिहासिक और पुरातात्विक साक्ष्यों के आधार पर भोजशाला को मां सरस्वती का मंदिर माना और हिंदू समाज को पूजा-अर्चना की अनुमति दी। यह निर्णय केवल कानूनी आदेश नहीं था, बल्कि उन लाखों लोगों की भावनाओं का सम्मान था, जिन्होंने वर्षों तक संघर्ष किया। इस फैसले के बाद जब भोजशाला परिसर में फिर मां सरस्वती की वंदना गूंजी, तो अनेक लोगों की आंखें भावुक हो उठीं। लोगों ने इसे सत्य, धैर्य और आस्था की विजय बताया।

भोजशाला का संघर्ष यह भी दिखाता है कि भारत की सांस्कृतिक चेतना कितनी गहरी है। यहां के लोग अपने इतिहास, परंपरा और आस्था को केवल किताबों में सीमित नहीं मानते, बल्कि उसे अपने जीवन का हिस्सा समझते हैं। जब भी किसी सांस्कृतिक पहचान पर संकट आता है, समाज उसके संरक्षण के लिए खड़ा होता है। भोजशाला का आंदोलन इसी भावना का उदाहरण है। यह संघर्ष बताता है कि सत्ता बदल सकती है, परिस्थितियां बदल सकती हैं, लेकिन सत्य और धर्म को हमेशा के लिए दबाया नहीं जा सकता।

आज भोजशाला केवल धार या मध्यप्रदेश का विषय नहीं रह गया है। यह पूरे देश के लिए सांस्कृतिक गौरव और ऐतिहासिक चेतना का प्रतीक बन चुका है। मां सरस्वती की वंदना का पुनः गूंजना उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा है, जिन्होंने वर्षों तक संघर्ष किया और अपने विश्वास को जीवित रखा। यह घटना आने वाली पीढ़ियों को भी यह संदेश देती है कि अपनी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं की रक्षा के लिए धैर्य, संयम और सत्य का मार्ग सबसे महत्वपूर्ण होता है।

अंततः यही कहा जा सकता है कि भोजशाला का यह अध्याय केवल एक कानूनी या धार्मिक विजय नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। वर्षों के संघर्ष के बाद जब मां सरस्वती की आराधना पुनः आरंभ हुई, तब यह सिद्ध हो गया कि सत्य और धर्म को लंबे समय तक रोका जा सकता है, लेकिन पराजित नहीं किया जा सकता। भारतीय संस्कृति सदैव यही संदेश देती आई है– ÷यतो धर्मस्ततो जयः÷ अर्थात जहां धर्म है, वहीं विजय है।

लेखक



हरीश नाग

## ग़ज़ल..

सारे घर देख के लगता है कि जल जाएँगे,
ऐसी गर्मी है कि रिश्ते भी पिघल जाएँगे।

ग़ौर से झाँक के देखे जो गिरेबाँ अपना,
ऐब कितने ही हमारे भी निकल जाएँगे।

दिल के दरिया को हवाओं से बचाए रखना,
चूक होगी तो किनारे भी फिसल जाएँगे।

उलझें उलझें से जो
रहते हैं मेरी आँखों के,
देख के तुझ को शरारे
भी मचल जाएँगे।

तेरी आँखों के किनारे
ही हैं दुनिया मेरी,
हम तो सूरज की तरह
इन में ही ढल जाएँगे।

बाँध मतलब के बिछाते
जो दिल ए दरिया पर,
वो ही रिश्ते तेरे पानी
को कुचल जाएँगे।

लेखक



संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र

## मैं कौन हूँ?..

मैं हिन्दुओं हे हिंदु हूँ
मुसलमानों से मेरा
पुराना नाता है
ईसाई मेरे दिल के
पास रहते है
सिख मेरे भाई है
बौद्धो से मेरा
पुराना संबंध है
जैनी मुझे प्यारे हैं
असल में बात
यह है कि
मैं भूल चुका हूँ
कि मैं कौन हूँ?

चिरंजीव बिसेन
गोंदिया

## वाह रे दिन गर्मी के..

सूखे ताल तलैया
सूखी नदियाँ और नाले।
खाली पैर जो धूप में निकले
पड़ते पांव में छाले।
वाह रे दिन गर्मी के।
आह! रे दिन गर्मी के।

खिड़की से जब झांकता सूरज
लेकर तपन है आता।
बूढ़ी अम्मा कहती दिन यह
गर्मी का नहीं भाता।
कब होगी बरसात
कलेजे को ठंडक पहुंचेगी।
हाय रे गर्मी, हाय रे गर्मी
लगता है जान ही लेगी।

वाह रे दिन गर्मी के।
आह! रे दिन गर्मी के।।

कूलर पंखे खूब चले,
जब होती बिजली गोल।
याद सभी को तब है आता
व्यवस्था का भूगोल।
अंग अंग से बहे पसीना
गोरी का मेकअप धुल जाता।
गोरी कितनी काली है
यह भेद तभी खुल पाता।


वाह रे दिन गर्मी के।
आह !रे दिन गर्मी के।।

बंद हुए स्कूल तो बच्चे
दिन भर खेलें खेल।
धूप की गर्मी ठंडा पानी
दोनों का तन में मेल।
दोनों का तन में मेल
सर्दी खांसी ज्वर ले आते।
मम्मी कहती कब कब भैया
दिन गर्मी के जाते।

वाह रे दिन गर्मी के।
आह! रे दिन गर्मी के।।

शशि तिवारी गोंदिया


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 171



ck;s ls nk;s & 1) रोगशून्य, भला चंगा 3) न्यायिक या विधिक जांच पड़ताल 6) वह कल्पित या असंम्सव बात जो अपनी प्रसन्नता के लिये मन ही मन में बसाई गयी हो 10) प्रसंशनीय कार्य 12) अनुकूल बात मानने को तैयार 13) शक्ति, ताकत 14) बचानेवाला, पहरेदार 15) विलंब करना 17) दावाग्नि, जंगल की आग 20) प्रलय 21) वह क्रीडा या नृत्य जो श्रीकृष्ण ने गोपियों के संग किया था 23) एक स्तन पायी वन्य जंतू 25) मिठाई बनाकर बेचनेवाला 26) यमराज 27) धन, ऐश्वर्य 28) आर्य जाति का एक प्रकार का युद्ध 29) सरस्वती, दुर्गा 31) नशा देनेवाला 33) तर्क, झगड़ा 34) आदमी 35) पुराना 37) अवस्थान, गृह, रहना 38) वाणी, बोले जानेवाले सार्थक शब्द 40) युद्ध के लिये उच्च स्वर से पुकारना 42) सुधा, अमृत, दूध 43) इच्छित फल की प्राप्ति, देवताओं द्वारा दिया गया अपने भक्तों की इच्छा पूर्ति का वचन 45) विचार, अभिप्राय 47) नृप, राजा 50) भरत के बड़े भाई श्रीरामचन्द्र 52) आक्रमण, आघात 54) लोक निंदा 56) हर्ष, उत्सुकता 58) मार्ग 59) शेषनाग 61) मराठी भाषिक साहित्यिक वि. स. खांडेकर की इस कादंबरी को ज्ञानपीठ पुरस्कार से नवाजा गया 62) छोटा जंगल 63) कोमल, जो कठोर न हो 65) खंड, टुकड़ा 66) साधु के पहनने का एक वस्त्र प्रकार 67) गन्धर्व राज विश्वकेतू की परम् विदूषी और ब्रह्मवादिनी कन्या, जिसे पातालकेतू राक्षसने उठाकर पाताल में रखा था 68) यहां पर (सं.) 69) तीर चलानेवाला 71) लस से युक्त 72) वीररस प्रधान नाटक का मुख्य नायक 74) विलक्षण बात 76) चमड़ा मढ़ा हुआ एक प्रकार का बाजा 78) मण्डल, कंकण 80) शरीर, देह 82) विष, वत्सनाम 83) पानी में नींबू, चीनी और सुगंधित द्रव्य मिलाकर बनाया गया मधूर पेय 84) मरुभूमि, मरुस्थल 86) आनन्द, हर्ष 88) गरुड के पुत्र का नाम 89) किसी फल का काटा हुआ टुकड़ा 90) औटाकर गाढ़ा और लच्छेदार किया हुआ चीनीमिश्रित दूध 91) समस्त, समग्र 92) स्वेच्छाचारी 94) नगर में रहनेवाले नागरीक 97) नशीला, 98) आशंका 100) शरण में आये हुये का पालन करनेवाला 102) मगर, मछली 104) सतह, परत, तह 105) नाई, नापित 106) अकेला 107) भला आदमी, प्रियतम 108) दया करनेवाली स्त्री 109) नामधारी, प्रसिद्ध

Åij ls uhps & 1) अपमान 2) कमल, हाथी 3) नीचे का भाग, अधोभाग 4) लोहे–पत्थर आदि से सोना चांदी बनाने के तरीकों का जानकार 5) थोड़ा बहुत 6) तांत्रिकोंका एक आसन जिसमें हाथ और पैर पीठ की ओर किये जाते है 7) 'जंगल बुक' इस प्रसिद्ध पुस्तक का नायक किरदार 8) ताश के गड्डी का एक पत्ता 9) प्रत्यय 11) बिल्ली 13) वनमाली 16) हाथी का पैर 18) डर 19) एक अस्त्र का नाम 22) सत्यवादी, सच्चा 24) मनुष्य की शक्ति के बाहर 27) अलंकृत करना, सजाना 28) पराशर मुनि का वंशज 29) आज्ञावाहक 30) भोज या उसका निमंत्रण 32) लाड, प्यार 34) शाहजहां बादशाहद्वारा बनवाया गये मयूर के आकार का एक प्रसिद्ध रत्नजडित सिंहासन का नाम 36) रवि, सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, राहू, केतू इ. ग्रह 37) प्रतिज्ञा 39) प्रणाम, नमस्कार 41) हेतू 44) रजोगुण 46) वेश्या 48) निरन्तर, हर समय 49) जहां महाभारत का महायुद्ध रचा गया वह स्थान 50) देवता के उद्देश्य से गाया जानेवाला गीत, कीर्तन 51) सत्यवचनी राजा हरिश्चन्द्र की पत्नी 53) पुराणों के अनुसार पृथ्वी के नीचे के सात लोकों में से छठा लोक 54) लोक, प्रजा 55) वह मनुष्य जिसके मन में बहुत दया हो 57) जन्म से मृत्यू तक, संसार 60) मनुष्य के आकार का एक प्रकार का आसन 62) समर्थ, दाता 64) श्रीकृष्ण के क्रीडावन का नाम 66) हथेली 67) हाथी, सुअर 68) टालना 70) पानी 73) रोग उत्पन्न करनेवाला 75) बलवान, प्रबल 77) घोखा, छल 79) रोकना, बंद करना, एक रागिणी 81) चक्षु, नेत्र 83) शंका, संदेह 85) गुणगान करनेवाला 87) दबाने की क्रिया, शोत करना89) मृत्यूदंड, जो गले में फंदा डालकर दिया जाता है 91) राय, मंत्रणा 92) अनुचिंतन, बारबार विचार करना 93) रंगबिरंगी पंखोवाला उड़नेवाला एक कीटक 95) प्रस्थान, यात्रा 96) मेघ 98) अपक्व, साधारण 99) किसी बुरी बात का अभ्यास (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## 'प्रेम का व्यापकत्व'..

प्रेम का ,
नैर्मल्य,
उसकी भावना में है।
भावनात्मक प्रेम ,
सदा,
पावन होता है।
सुरसरि गङ्गा की तरह।
इसमें,
दैहिक आकर्षण की नहीं,
अपितु,
हृदय से हृदय के सामीप्य की,
होती है ध्वनि-प्रतिध्वनि।
चाहे व्यक्ति,
दूर हो या पास।
भावना से होता ,
सदा नैकट्य का आभास।
यही है,
प्रेम का व्यापकत्व।
'यमुनेश्वरी' स्वीकार करना ही
होगा,
ऐसा पावन प्रेम!

रचनाकार



वल्लभ यमुनेश्वरी
नैनपुर

## देखों सूरज आग बरस रहा है..

देखों सूरज आग बरस रहा है,
पानी को दुनिया तरस रहा है।

क्यों इतना नाराज़ यहाँ रवि है,
अपनी समझ से बता रहा कवि है।

विकास की राह पर चल पडा दम है,,
विनाश से फिर क्यूँ होता तुम्हें ग़म है।

सोने की मिली है खदान मेरे यार को,
तो क्यों समझूँ मैं जनता के प्यार को।

उम्र सारी मेरी तो बीत चुकी है सुन ले,
देख दुनियादारी और हक़ीकत गुन ले।

अनिल कसेर 'उजाला'





# एशियाई क्लब प्रतियोगिताओं में भारतीय फुटबॉल का निचला स्तरः तीसरे स्तर में सिर्फ प्ले-ऑफ में जगह मिली..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय फुटबॉल में प्रशासनिक गड़बड़ी के कारण महाद्वीपीय स्तर पर देश की स्थिति और भी कमजोर हो गई है क्योंकि भारत को एशिया के क्लब फुटबॉल ढांचे के तीसरे और अंतिम स्तर,***



एएफसी चैलेंज लीग में 2027-28 सत्र के लिए केवल एक प्ले-ऑफ स्थान मिला है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय क्लब एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) के शीर्ष स्तर के ग्रुप चरण में भी खेलते थे, लेकिन हाल के समय में उन्हें एसीएल 2 (दूसरे स्तर) में ही संतोष करना पड़ा है। भारत को 2026-27 एसीएल 2 के लिए पहले ही दो प्ले-ऑफ स्थान आवंटित किए जा चुके हैं। बृहस्पतिवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का खिताब जीतने वाली ईस्ट बंगाल और सुपर कप चैंपियन एफसी गोवा जुलाई-अगस्त में एसीएल 2 प्ले-ऑफचरण में खेलेंगी।

एशियाई फुटबॉल महासंघ (एएफसी) ने शुक्रवार को 2027-28 सत्र के लिए भारत को तीसरे स्तर की एएफसी चैलेंज लीग में केवल एक प्ले-ऑफ स्थान आवंटित किया। एएफसी चैलेंज लीग आम तौर पर पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव और बांग्लादेश जैसे देशों के क्लबों के लिए होती है। एएफसी ने सदस्य संघ देशों के लिए स्थान का आवंटन 2025-26 सत्र के समापन के बाद किया। भारतीय फुटबॉल से जुड़े एक पूर्व अधिकारी ने पीटीआई को बताया, 'यह चौंकाने वाला है। हम पहले एसीएल के शीर्ष डिवीजन और फिर एसीएल 2 में खेल रहे थे। अब हम तीसरे स्तर पर पाकिस्तान, नेपाल, भूटान जैसे देशों के क्लबों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह मूल रूप से दक्षिण एशियाई फुटबॉल संघ (एसएएफ) के देशों के क्लबों के साथ खेलना है।' उन्होंने आगे कहा, 'यह तीसरे स्तर की एएफसी चैलेंज लीग के लिए सीधे ग्रुप चरण का स्थान भी नहीं है, बल्कि प्ले-ऑफ का स्थान है। इस पर विश्वास करना मुश्किल है, लेकिन हमारी फुटबॉल प्रणाली कुछ समय से बिगड़ती जा रही है और पतन की ओर अग्रसर है।' पूर्व अधिकारी ने चेतावनी दी कि आगामी सत्र में आईएसएल क्लबों के लिए विदेशी खिलाड़ियों का आकर्षण कम हो सकता है, क्योंकि भारत को ज्यादातर दक्षिण एशियाई देशों के कम प्रसिद्ध क्लबों के साथ खेलना होगा। एशियाई क्लब प्रतियोगिताओं के लिए स्थान का आवंटन सदस्य संघों की रैंकिंग पर आधारित होता है।


यह रैंकिंग फीफा रैंकिंग से अलग होती है, क्योंकि फीफा रैंकिंग राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन पर आधारित होती है। एएफसी की रैंकिंग में घरेलू लीग के तकनीकी मानक, क्लब लाइसेंसिंग प्रणाली, स्टेडियमों की संख्या, खेल निष्ठा, शासन और नियम, प्रतियोगिता प्रारूप आदि मानदंड शामिल हैं।

एएफसी के 2026 नियमों के अनुसार अगर कोई सदस्य संघ एसीएल एलीट और एसीएल 2 में खेलना चाहता है, तो घरेलू शीर्ष डिवीजन में प्रत्येक क्लब को प्रति सत्र कम से कम 24 मैच खेलने होंगे, जिसमें घरेलू लीग और घरेलू कप शामिल हैं। इसके साथ ही घरेलू शीर्ष डिवीजन की न्यूनतम अवधि आठ महीने होनी चाहिए और टीमों को घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर मैच खेलने का प्रावधान होना चाहिए। हाल ही में समाप्त हुए संक्षिप्त आईएसएल में प्रत्येक क्लब ने केवल 13 मैच खेले थे और प्रारूप भी घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के घरेलू मैदान का नहीं था।

# सुहाना खान के जन्मदिन पर पक्की दोस्त अनन्या ने लुटाया प्यार, पुरानी फोटो शेयर कर दी बधाई..

डेस्क जगप्रेरणा।

***शाहरुख खान की लाडली बेटी और बॉलीवुड में अपनी जमीन तलाश रहीं एक्टर सुहाना खान का आज जन्मदिन है। इस खास मौके पर तमाम फिल्मी सितारों समेत फैन्स ने सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी है।***




अब सुहाना की पक्की दोस्त और बॉलीवुड हीरोइन अनन्या पांडे भी इस मामले में पीछे नहीं रहीं। अनन्या ने भी अपनी दोस्त सुहाना के साथ एक फोटो शेयर कर जन्मदिन की बधाई दी है।

## फोटो पोस्ट कर लुटाया प्यार..

अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर सुहाना के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की। उन्होंने एक प्यारा सा संदेश भी लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरी प्यारी सुहाना। तुम्हें हमेशा प्यार करती रहूंगी सुहाना खान।' शनाया कपूर ने रंगीन यूरोपीय शैली की इमारतों और नौकाओं की पृष्ठभूमि में सुहाना के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की। शनाया ने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरी सुहाना। तुम्हें हमेशा प्यार करती रहूंगी।'

## आज ही रिलीज हुई अनन्या की फिल्म..

22 मई को 'चांद मेरा दिल' रिलीज हुई। अनन्या पांडे और लक्ष्य की इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म को निराशाजनक रिव्यू मिला है। ट्रेलर में लक्ष्य को आरव और अनन्या को चांदनी के किरदार में दिखाया गया है। ट्रेलर की शुरुआत दोनों के बीच एक भावुक कककपल से होती है, जिसके बाद कहानी उनके कॉलेज के दिनों में लौटती है, जहां से उनके रिश्ते की शुरुआत हुई थी। उनकी युवावस्था का रोमांस, सहज केमिस्ट्री और भावनात्मक जुड़ाव ट्रेलर का मुख्य आकर्षण है। ट्रेलर से यह भी संकेत मिलता है कि 'चांद मेरा दिल' में संगीत की अहम भूमिका होगी। फिल्म के कुछ गाने पहले ही रिलीज हो चुके हैं और श्रोताओं से उन्हें सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। ट्रेलर का बैकग्राउंड स्कोर और रोमांटिक दृश्य संकेत देते हैं कि एल्बम फिल्म के प्रमुख आकर्षणों में से एक बन सकता है।


## बचपन की दोस्त हैं अनन्या और सुहाना..

बता दें कि सुहाना खान और अनन्या पांडे बचपन की दोस्त हैं। दोनों एक ही स्कूल में पढ़ी हैं और छोटी उम्र से दोनों के बीच पक्की दोस्ती रही है। अनन्या और सुहाना पहले भी एक दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम या फिर पार्टीज करते हुए नजर आ चुकी हैं। दोनों अक्सर ही मैच देखने या फिर विदेशों की छुट्टियां मनाने भी जा चुकी हैं। अब जन्मदिन के मौके पर दोनों दोस्त एक दूसरे पर प्यार लुटाते नजर आती रहती हैं।

# विनेश फोगाट को दिल्ली हाई कोर्ट से मिली राहत, अयोग्य घोषित करने के फैसले पर WFI को लगाई फटकार..

डेस्क जगप्रेरणा।

***दिल्ली हाई कोर्ट ने 22 मई को भारतीय कुश्ती महासंघ (WFI) को फटकार लगाई है। WFI ने पहलवान विनेश फोगाट को घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था।***



कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह फोगाट का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल बनाए और उसके बाद टूर्नामेंट में उनके हिस्सा लेने पर फैसला किया जाए।

## हाई कोर्ट ने WFI को लगाई फटकार..

न्यूज एजेंसी **PTI** के मुताबिक चीफ जस्टिस डी.के. उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने केंद्र सरकार को आदेश दिया कि वे विनेश फोगाट को आने वाले एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल में शामिल होने की मंजूरी दें। अदालत ने यह भी कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ **(WFI)** का बड़े खिलाड़ियों को मौका न देना, उनकी नीयत पर सवाल खड़े करता है। अदालत ने इस दौरान ये भी कहा कि हमारे देश में मां बनने (मातृत्व) का सम्मान किया जाता है, इसलिए सरकार को बदले की भावना से काम नहीं करना चाहिए। हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से मौखिक रूप से कहा कि स्पेशलिस्ट लोगों की एक टीम बनाकर फोगाट की क्षमता की जांच करवाएं और यह पक्का करें कि वह इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकें।

## विनेश फोगाट पर WFI ने लगाया था अनुशासनहीनता का आरोप..

यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब भारतीय कुश्ती संघ **(WFI)** ने विनेश फोगाट पर अनुशासनहीनता और नियमों का पालन न करने का आरोप लगाकर उन पर जून तक घरेलू मैचों में खेलने से रोक लगा दी थी। विनेश ने इस रोक के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट ने कहा कि विवाद चाहे जो भी हो, खेल और खिलाड़ियों का हित सबसे ऊपर होना चाहिए।

## विनेश फोगाट पर जून तक लगा है बैन..

कुश्ती संघ **(WFI)** का आरोप है कि विनेश ने नियमों को तोड़ा और अनुशासनहीनता की। संघ के मुताबिक, संन्यास (रिटायरमेंट) से वापस आने वाले खिलाड़ी को 6 महीने पहले सूचना देनी होती है, जो विनेश ने नहीं दी थी। इसलिए संघ ने उन पर जून तक खेलने से रोक लगा दी। इससे पहले सोमवार को कोर्ट ने विनेश को 30 और 31 मई के एशियन गेम्स ट्रायल्स में शामिल होने की तुरंत इजाजत (राहत) देने से मना कर दिया था, क्योंकि संघ उन पर पहले ही रोक लगा चुका था।

# लाश ने कहानी में मचा दी सनसनी, कॉमेडी का लगने वाला है बाजार, माधुरी दीक्षित ने किया कमाल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***माधुरी दीक्षित स्टारर फिल्म मां बहन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। क्राइम कॉमेडी ड्रामा की ये कहानी बेहद मजेदार लग रही है। इस फिल्म में माधुरी दीक्षित के साथ तृप्ति डिमरी ने लीड रोल प्ले किया है।***




ट्रेलर में ही कहानी की झलक देखने को मिल रही है। जिसमें एक लाश ने पूरी कहानी में आफत का बाजार लगा दिया है।

## ट्रेलर में दिखी कहानी की झलक..

आदर्श कॉलोनी में बसी 'मां बहन' की कहानी रेखा, जया और सुषमा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अव्यवस्थित मां-बेटी की तिकड़ी हैं और किसी तरह खुद को एक लाश के मामले में फंसा हुआ पाती हैं।

और फिर, चीजें और भी पेचीदा हो जाती हैं। पड़ोसियों को शक होने लगता है, दहशत फैल जाती है और ऐसा लगता है कि हर कोई कुछ न कुछ छिपा रहा है। ट्रेलर में माहौल को शोरगुल भरा, नाटकीय और मजेदार बनाए रखा गया है, साथ ही इस परिवार के बीच लगातार झगड़ने के बावजूद उनके बीच मौजूद अजीब भावनात्मक बंधन की झलक भी दिखाई गई है। मां बहन का निर्माण अबंडेंटिया एंटरटेनमेंट ने ओपनिंग इमेज फिल्म्स के सहयोग से किया है और इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेनी ने किया है।

## क्या बोले फिल्म के डायरेक्टर?

फिल्म के बारे में बात करते हुए निर्देशक सुरेश त्रिवेनी ने कहा, 'मां बहन के साथ, हम एक ऐसी कहानी कहना चाहते थे जो यथार्थवादी होने के साथ-साथ बेहद मनोरंजक भी हो और जिसमें कलाकारों का शानदार अभिनय हो। कुल मिलाकर फिल्म एक ऐसे परिवार की कहानी है जिसमें मां रेखा और उनकी दो बेटियां जया और सुषमा हैं, जो लगातार झगड़ती रहती हैं और अब उन्हें एक ऐसे कांड से निपटना पड़ता है जिसके कारण बहुत अराजकता, कॉमेडी और विचित्र परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं जिन्हें उन्हें छुपाना और संभालना पड़ता है।

हर किरदार कहानी में एक बिल्कुल अलग ऊर्जा लाता है, जिससे उनका आपसी संबंध उलझा हुआ, अप्रत्याशित और गहराई से मानवीय बन जाता है। नेटफ्लिक्स और अबंडेंटिया के साथ इस तरह की अनूठी परियोजना पर काम करना बेहद रोमांचक रहा है, और माधुरी, तृप्ति, धरना, रवि, गीतांजलि, अरुणोदय और शार्दुल जैसे कलाकारों के साथ यह पागलपन और भी जादुई हो गया है। ट्रेलर तो बस एक झलक है। असली उथल-पुथल 4 जून से शुरू होगी।' यह फिल्म 4 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# भारत बनाम अफगानिस्तान सीरीज के शेड्यूल में बदलाव, नोट कीजिए मुकाबले की नई तारीख..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारत और अफगानिस्तान के बीच सीरीज खेली जाएगी। पहले एक टेस्ट मैच होगा, इसके बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। बीसीसीआई की ओर से सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है।***



इस बीच पहले जो शेड्यूल जारी किया गया था, उसमें थोड़ा सा बदलाव हुआ है। सीरीज के दौरान कुल मिलाकर चार मैच होंगे, लेकिन एक ही मैच की तारीख बदली है। नई तारीख अभी से नोट कर लीजिए, नहीं तो आपका मैच छूट भी सकता है।

## भारत बनाम अफगानिस्तान पहले वनडे मैच की तारीख में बदलाव..

टीम इंडिया जल्द ही फिर से इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए मैदान में उतरने जा रही है। भारत बनाम अफगानिस्तान सीरीज का आगाज 6 जून से होना है। इसी दिन से टेस्ट मुकाबला शुरू होगा, जो कि न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। मैच अगर पूरे पांच दिन चला तो ये 10 जून तक चल सकता है। इसकी तारीख में कोई बदलाव नहीं है, यानी जो पहले था, वही अब है। वनडे सीरीज का आगाज 13 जून से होने जा रहा है। पहले इस मैच की तारीख 14 जून दिन रविवार रखी गई थी, लेकिन अब किन्हीं कारणों से इसमें बदलाव हुआ है। बीसीसीआई ने जब टीम का ऐलान किया था, तभी इस बारे में जानकारी दे दी थी। हालांकि मैच का वेन्यू नहीं बदला है, जो धर्मशाला है।

## दूसरे और तीसरे वनडे मैच की तारीख में नहीं है कोई परिवर्तन..

इसके बाद वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 17 जून को खेला जाएगा। ये मैच लखनऊ में खेला जाएगा। इसके बाद वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 20 जून को खेला जाना है। जो चेन्नई में होगा। यानी इन दोनों मैचों की तारीख में कोई बदलाव नहीं है। केवल पहले ही मैच की तारीख बदली है। बाकी पूरा शेड्यूल पहले जैसा ही रहने वाला है। इसका ख्याल रखिएगा।

## वनडे विश्व कप 2027 की शुरू होगी तैयारी..

ये सीरीज वनडे विश्व कप 2027 की तैयारियों को लेकर देखी जा रही है। अगले साल होने वाली विश्व कप की तैयारी अभी से शुरू हो रही है। किसी खिलाड़ी की फिटनेस कैसी है, फॉर्म कैसा है उस पर नजर रखी जाएगी। साथ ही कुछ नए और युवा प्लेयर्स को देखा जाएगा कि वे कैसा खेल दिखा रहे हैं।

**भारत की टेस्ट टीमः** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल (उप-कप्तान), साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद। सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुथार, गुरनूर बराड़, हर्ष दुबे, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

**भारत की वनडे टीमः** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बराड़, हर्ष दुबे।

# मंगलसूत्र संग वायरल तस्वीरों पर कंगना रनौत ने दी सफाई, बताई शादी की खबरों की सच्चाई..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत के मंगलसूत्र पहने हुए कई वीडियो इंटरनेट पर वायरल होने के बाद हलचल मच गई। इन वीडियो ने प्रशंसकों के बीच उनकी शादी की अफवाहों को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है।***




हालांकि अभिनेत्री ने इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है और इसे शूटिंग का हिस्सा करार दिया है।

## क्या है पूरा मामला?..

दरअसल हाल ही में कंगना रनौत का एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में अभिनेत्री-राजनेता कंगना रनौत एक साधारण पीच रंग का कुर्ता पहने नजर आ रही हैं। लेकिन सबका ध्यान उनके मंगलसूत्र और पारंपरिक हरी चूड़ियों पर गया। इन तस्वीरों ने तुरंत ऑनलाइन अटकलों को जन्म दिया और कई लोग यह जानने की कोशिश कर रहे थे कि क्या उन्होंने गुपचुप तरीके से शादी कर ली है और वह रहस्यमय व्यक्ति कौन हो सकता है। शुक्रवार को, कंगना ने खुद इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पोस्ट के माध्यम से इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह लुक केवल एक फिल्म में निभाए जा रहे उनके किरदार का हिस्सा था और उन्होंने कहा कि इस पर मिल रही चर्चा से वह हैरान हैं। वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने लिखा, 'मैं हर दिन शहर और उसके आसपास शूटिंग कर रही हूं, किसी ने मेकअप में मेरी यह तस्वीर खींच ली और अब मुझे ढेरों फोन आ रहे हैं, लेकिन शादीशुदा महिला के लुक में ऐसी क्या बड़ी बात है? अभिनेता हर तरह की भूमिकाएं निभाते हैं, मैं चुपके से शादी नहीं करूंगी, मैं वादा करती हूं।'

## 40 साल की उम्र में भी नहीं की शादी..

बता दें कि कंगना बॉलीवुड की सबसे सफल हीरोइन्स में से एक रही हैं और सिनेमा के साथ सियासत में भी जीत हासिल कर ली है। मंडी से सांसदी का चुनाव जीतने वाली कंगना एक तेजतर्रार नेता भी हैं। खास बात ये है कि ग्लैमर की दुनिया में नाम कमाने के बाद भी कंगना ने अभी तक शादी नहीं की है। 40 साल की कंगना अभी भी सिंगर जिंदगी जीती हैं और अकेले ही सारी जिम्मेदारी निभाती नजर आती रहती हैं। अब कंगना ने हाल ही में वायरल हुए दुल्हन के लिबास पर भी सफाई दे दी है।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# आरबीआई का रिकॉर्ड लाभांश सरकार की वित्तीय चुनौतियों को देगा कुछ राहतः विशेषज्ञ



नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रिकॉर्ड 2.87 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान से सरकार को पश्चिम एशिया संकट के बीच अपने वित्त को संभालने में सीमित राहत मिलेगी। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है।***

शुक्रवार को घोषित यह अब तक का सर्वाधिक लाभांश है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 2.69 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 6.7 प्रतिशत अधिक है।

आरबीआई का यह अधिशेष हस्तांतरण वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 'आरबीआई, राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के लाभांश/अधिशेष' शीर्षक के तहत बजटीय गैर-कर राजस्व का 91 प्रतिशत हिस्सा है। विशेषज्ञों का कहना है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों से मिलने वाले लाभांश को जोड़ने पर वित्त वर्ष 2026-27 में आरबीआई, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों से कुल 3.16 लाख करोड़ रुपये के अनुमान में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है, क्योंकि सरकारी बैंकों ने भी मजबूत लाभ दर्ज किया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल शुद्ध लाभ 11.1 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 1.98 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। यह लगातार चौथा वर्ष है, जब बैंकों को बेहतर लाभ हुआ है।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि आरबीआई द्वारा सरकार को दिया गया 2.9 लाख करोड़ रुपये का लाभांश अपेक्षाओं के अनुरूप है और यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग सात प्रतिशत अधिक है।

उन्होंने कहा कि बजटीय अनुमानों की तुलना में वित्तीय स्थिति पर दबाव बना रह सकता है, क्योंकि उर्वरक और ईंधन सब्सिडी की जरूरतें बढ़ सकती हैं तथा पश्चिम एशिया संकट के कारण कर संग्रह और तेल विपणन कंपनियों के लाभांश में कमी आने की आशंका है।

नायर ने कहा, ÷हालांकि आर्थिक स्थिरीकरण कोष और सोने-चांदी के आयात पर सीमा शुल्क में वृद्धि से कुछ राहत मिलने की संभावना है। लेकिन हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में कच्चे तेल की औसत कीमत 95 डॉलर प्रति बैरल रहने पर केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत के बजटीय लक्ष्य से 0.4 प्रतिशत अधिक रह सकता है।÷ इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र कुमार पंत के अनुसार, उच्च अधिशेष हस्तांतरण से वैश्विक स्थिति के कारण राजकोषीय घाटे पर पड़ने वाला कुछ दबाव कम होगा। उन्होंने कहा कि अधिशेष हस्तांतरण, राजकोषीय स्थिरीकरण कोष और व्यय नियंत्रण से वित्त वर्ष 2026-27 में राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।

पंत ने यह भी कहा कि यदि आरबीआई ने आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) को पिछले वर्ष के 44,862 करोड़ रुपये के स्तर तक ही सीमित रखा होता, तो यह हस्तांतरण 64,518 करोड़ रुपये अधिक हो सकता था।

उन्होंने कहा कि सीआरबी में उच्च राशि स्थानांतरित करने से आरबीआई को उभरती घरेलू और वैश्विक व्यापक आर्थिक स्थितियों के अनुसार वित्तीय बाजार में हस्तक्षेप करने में मदद मिलेगी।

# निकट अवधि में भारत का आर्थिक परिदृश्य आपूर्ति संबंधी दबावों से प्रभावितः आरबीआई बुलेटिन..



मुंबई, (भाषा)।

***आपूर्ति पक्ष के दबावों के कारण निकट अवधि में भारत के आर्थिक परिदृश्य को लेकर कुछ अनिश्चितता बनी हुई है और पश्चिम एशिया संघर्ष का घरेलू मुद्रास्फीति पर पड़ने वाले असर को नजर में रखना जरूरी है।***

शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक बुलेटिन में यह आकलन पेश किया गया। आरबीआई बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर प्रकाशित एक लेख के मुताबिक, वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पश्चिम एशिया से जुड़ी अनिश्चितताओं की छाया बनी हुई है। हालांकि इस अनिश्चितता के बावजूद अप्रैल में घरेलू आर्थिक गतिविधियों में मजबूती देखने को मिली।

लेख के मुताबिक, ÷पश्चिम एशिया का संघर्ष जिंस बाजारों, वैश्विक व्यापार प्रवाह और आपूर्ति शृंखलाओं पर दबाव डाल रहा है, जिससे वित्तीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। भारत इस चरण में मजबूत व्यापक आर्थिक आधार के साथ प्रवेश कर रहा है।÷ लेख कहता है, ''घरेलू मांग से वृद्धि को प्रमुख रूप से समर्थन मिल रहा है लेकिन निकट अवधि का परिदृश्य आपूर्ति पक्ष के दबावों के कारण कुछ हद तक प्रभावित है।÷

बुलेटिन में प्रकाशित लेख के मुताबिक, सकल मुद्रास्फीति संतोषजनक स्तर के दायरे में बनी हुई है, लेकिन घरेलू कीमतों पर इसके प्रभाव की निगरानी जरूरी है। अप्रैल महीने में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य महंगाई रही, जबकि मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति स्थिर रही। ईरान से जुड़े तनाव के बीच समुद्री व्यापार मार्गों और व्यापार प्रवाह में बाधाओं के कारण आपूर्ति शृंखला पर दबाव 2022 के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाली वस्तुओं की कीमतें अप्रैल और मई की शुरुआत में ऊंचे स्तर पर बनी रहीं। एल्युमिनियम, जिंक और निकेल जैसी आधार धातुओं की कीमतें आपूर्ति में व्यवधान और ईंधन लागत बढ़ने से बढ़ गईं।

लेख में कहा गया, ÷वित्तीय परिस्थितियां, कच्चे तेल की कीमतें और पूंजी प्रवाह बाह्य क्षेत्र के परिदृश्य के लिए चुनौती बने हुए हैं।÷

अप्रैल 2026 में व्यापार घाटा मुख्य रूप से कच्चे तेल और सोने के आयात बढ़ने के कारण मार्च के मुकाबले बढ़ा।

हालांकि, मजबूत सेवा निर्यात, एफडीआई का शुद्ध सकारात्मक प्रवाह, पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार और सरकार एवं आरबीआई के सक्रिय नीतिगत कदम बाहरी झटकों के असर को कम करने में मदद कर सकते हैं।

लेख में कहा गया कि बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच भारत का व्यापार ढांचा पुनर्गठित हो रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए व्यापार अप्रैल 2026 में बढ़ा जबकि मार्च में इसमें गिरावट आई थी। इसके मुताबिक, ईंधन खपत, व्यापार और लॉजिस्टिक जैसे उच्च आवृत्ति संकेतकों से अप्रैल में आर्थिक गतिविधियों का मिश्रित रुझान सामने आया। जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने से ई-वे बिल में दहाई अंकों की वृद्धि बनी रही।

पेट्रोल और डीजल की खपत बढ़ने के बावजूद अप्रैल में नैफ्था, एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में तेज गिरावट आने से कुल पेट्रोलियम खपत में कमी आई। वहीं, तापमान बढ़ने से बिजली की मांग में तेज वृद्धि हुई। आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि इस बुलेटिन में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और केंद्रीय बैंक के आधिकारिक विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

# छोटे खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को आधुनिक बनाने की योजना को और पांच साल बढ़ाने का प्रस्ताव..




नई दिल्ली, (भाषा)।

***खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) को पांच और साल के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव ला रहा है। इसमें ऋण संबद्ध पूंजी सब्सिडी की सीमा को बढ़ाने जैसे बदले हुए दिशा-निर्देश शामिल होंगे।***

यह बात शुक्रवार को एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताई। संयुक्त सचिव देवेश देवल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह केंद्रीय योजना सूक्ष्म उद्यमों को आधुनिक बनाने, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को मजबूत करने और साझा बुनियादी ढांचा व 'इन्क्यूबेशन' केंद्र बनाने में सफल रही है। योजना वर्ष 2020 में शुरू हुई थी और इसे सितंबर 2026 तक बढ़ाया गया है।

देवल ने कहा, ''हमें इस योजना को सितंबर 2026 तक बढ़ाने की मंजूरी मिल गई है। हम इसे अगले पांच साल तक बदले हुए दिशा-निर्देशों के साथ जारी रखने का प्रस्ताव भी ला रहे हैं।''

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित मुख्य बदलावों में ऋण से जुड़ी पूंजी सब्सिडी को मौजूदा ऊपरी सीमा (प्रति यूनिट 10 लाख रुपये) से बढ़ाना, महिला उद्यमियों और पहाड़ी इलाकों के उद्यमों को प्राथमिकता देना और ब्रांडिंग व विपणन पर जोर देना शामिल है। अभी, इस योजना के तहत उन व्यक्तियों या समूहों को, जो खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित कर रहे हैं या उन्हें आधुनिक बना रहे हैं, पात्र परियोजना लागत का 35 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाती है। यह सब्सिडी प्रति सूक्ष्म-उद्यम 10 लाख रुपये तक सीमित है।

वर्ष 2020 में शुरू होने के बाद से, 1.96 लाख सूक्ष्म उद्यमों ने कुल 19,844 करोड़ रुपये की परियोजना के लिए ऋण सब्सिडी का लाभ उठाया है। इसमें सरकार ने 5,844 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी है। देवल ने कहा कि लगभग 65,000 इकाइयों को आधुनिक बनाया गया है। दो लाख इकाइयों का लक्ष्य अगले महीने तक पूरा हो जाएगा। लाभार्थियों की संख्या के मामले में बिहार सबसे आगे है। इसके बाद महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश का स्थान आता है। अनाज, तेल और तिलहन, तथा फल और सब्जियों के प्रसंस्करण का काम सबसे ज्यादा होता है। महिला नीत उद्यम, सभी लाभार्थियों में से लगभग 40 प्रतिशत हैं। शुरुआती पूंजी (सीड कैपिटल) घटक के तहत, चार लाख महिलाओं को कार्यशील पूंजी और छोटे उपकरणों के लिए कुल 380 करोड़ रुपये की सहायता मिली है। इनमें से 15,000 इकाइयां सूक्ष्म उद्यम का दर्जा पा चुकी हैं और उन्होंने कर्ज से जुड़ी पूंजी सब्सिडी के लिए आवेदन किया है। बुनियादी ढांचे के मामले में, मंत्रालय ने 80 साझा बुनियादी ढांचा और 'इनक्यूबेशन सेंटर' मंजूर किए हैं, जिनमें से 31 अभी चालू हैं। उम्मीद है कि अगले दो-तीन महीनों में 20-25 और सेंटर काम करने लगेंगे और बाकी सेंटर साल के आखिर तक चालू हो जाएंगे। ज्यादातर सेंटर कृषि विश्वविद्यालयों और आईसीएआर संस्थानों में स्थित हैं।

# एसबीआई कर्मचारियों की 25-26 मई को प्रस्तावित हड़ताल बातचीत के बाद स्थगित




नई दिल्ली/कोलकाता, (भाषा)।

***भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के कर्मचारियों की 25-26 मई को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल को बैंक प्रबंधन और कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के बीच शुक्रवार को हुई 'सकारात्मक बातचीत' के बाद टाल दिया गया है।***

एसबीआई ने कहा कि हड़ताल के टल जाने के बाद उसकी शाखाएं 25 और 26 मई को सामान्य रूप से खुली रहेंगी और सभी बैंकिंग सेवाएं जारी रहेंगी। बैंक ने अपने 52 करोड़ ग्राहकों के लिए जारी परामर्श में कहा कि 25-26 मई को अखिल भारतीय एसबीआई कर्मचारी महासंघ (एआईएसबीआईएसएफ) द्वारा प्रस्तावित हड़ताल स्थगित कर दी गई है।

एआईएसबीआईएसएफने पर्याप्त कर्मचारियों की भर्ती सहित विभिन्न मांगों को लेकर दो दिन की देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था।

एसबीआई स्टाफएसोसिएशन, बंगाल सर्किल के सचिव सुदीप दत्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, ÷प्रबंधन के साथ मुंबई में हुई बैठक सकारात्मक रही और कर्मचारी महासंघ की कई मांगों पर प्रगति हुई है। इन परिस्थितियों में प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है।÷

इस महीने की शुरुआत में कर्मचारी महासंघ ने 16 सूत्री मांगों को लेकर देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था। इन मांगों में संदेशवाहक और सशस्त्र गार्ड की भर्ती, पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती, स्थायी नौकरियों में आउटसोर्सिंग रोकना, करियर प्रगति योजनाओं की समीक्षा, चिकित्सा प्रतिपूर्ति में सुधार और एचआरएमएस से जुड़े मुद्दों का समाधान शामिल था।

कर्मचारी महासंघ ने बैंक के भीतर क्लर्कों की भर्ती में गिरावट, कर्मचारियों पर बढ़ते कार्यभार, इंटर-सर्किल स्थानांतरण में देरी और पेंशन से जुड़े मुद्दों पर भी चिंता जताई थी।

एसबीआई कर्मचारी महासंघ के महासचिव एल चंद्रशेखर ने अपने सदस्यों को भेजे संदेश में कहा, 'मुंबई स्थित कॉरपोरेट सेंटर में बैंक प्रबंधन और महासंघ के बीच हुई बैठक सकारात्मक रही। हमें यह बताते हुए खुशी है कि हमारी मांगों पर सकारात्मक प्रगति हुई है।'

उन्होंने कहा, 'चर्चा के दौरान हुई प्रगति को देखते हुए प्रस्तावित हड़ताल स्थगित कर दी गई है।' इस फैसले से बैंक के करोड़ों ग्राहकों को बड़ी राहत मिली है क्योंकि हड़ताल होने पर एसबीआई के बैंकिंग कार्यों पर पांच दिनों तक असर पड़ता। प्रस्तावित हड़ताल से पहले चौथा शनिवार और रविवार पड़ रहा है। इसके अलावा, 27 मई को भी ईद अल-अजहा के कारण कई राज्यों में छुट्टी है।

# देश में आयात शुल्क बढ़ने से 2026 में सोने की मांग में आ सकती है 50-60 टन की कमी

मुंबई, (भाषा)।

आयात शुल्क बढ़ाए जाने के बाद देश में वर्ष 2026 के दौरान सोने की मांग 50-60 टन घट सकती है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत कम होगी। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने यह बात कही है।

डब्ल्यूजीसी ने भारत के स्वर्ण बाजार पर अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा, ÷पूरे वर्ष 2026 को देखें तो आभूषण, सोने की छड़ और सिक्कों की संयुक्त मांग में लगभग 50-60 टन की कमी आ सकती है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 10 प्रतिशत कम होगी। इसका मुख्य कारण आयात शुल्क में बढ़ोतरी है।÷

सोने पर आयात शुल्क को छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है। यह अब तक की सबसे बड़ी बढ़ोतरी मानी जा रही है और इससे जुलाई 2024 में की गई शुल्क कटौती पूरी तरह समाप्त हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी लोगों से एक वर्ष तक सोना खरीदने से बचने की अपील की है।

रिपोर्ट में कहा गया कि सोने की कीमत, आय स्तर में बदलाव, मुद्रास्फीति और मानसून जैसे अन्य कारक भी सालाना मांग को प्रभावित करेंगे।

डब्ल्यूजीसी ने कहा, ÷हमारे आर्थिक मॉडल बताते हैं कि आयात शुल्क में बदलाव का असर अल्पकाल और दीर्घकाल दोनों में सोने की मांग पर पड़ता है। हालांकि, इसका प्रभाव आभूषण और निवेश उत्पादों जैसे सोने की छड़ तथा सिक्कों पर अलग-अलग होता है। निवेश मांग शुल्क बदलाव के प्रति अधिक संवेदनशील होती है, जबकि आभूषण मांग अपेक्षाकृत अधिक स्थिर रहती है।÷

डब्ल्यूजीसी के अनुसार, आभूषणों की मांग पर कीमतों और मुद्रास्फीति का अधिक असर पड़ता है, जबकि आयात शुल्क का प्रभाव अपेक्षाकृत कम होता है। इसका कारण यह है कि विवाह और सामाजिक आयोजनों के लिए आभूषणों की खरीद अक्सर आवश्यक मानी जाती है।

वहीं, निवेश मांग आय स्तर और आयात शुल्क से जुड़ी होती है। अधिक शुल्क और पाबंदियां आमतौर पर मांग को प्रभावित करती हैं।

परिषद ने कहा कि अल्पकाल में मुद्रास्फीति और मानसून जैसे कारक भी निवेश मांग को प्रभावित करते हैं।

डब्ल्यूजीसी ने कहा कि आयात आंकड़े यह दर्शाते हैं कि आयात शुल्क में वृद्धि और अनधिकृत या तस्करी के जरिये आने वाले सोने के प्रवाह के बीच सीधा संबंध रहा है।

वर्ष 2013 से 2026 के बीच आयात शुल्क में बढ़ोतरी के बाद ज्यादातर मामलों में तस्करी वाला सोना बढ़ा, जबकि शुल्क में कमी आने पर इसमें तेज गिरावट दर्ज की गई।

वर्ष 2013 में आयात शुल्क में चार प्रतिशत वृद्धि के बाद अनधिकृत सोने का आयात पहली तिमाही में लगभग 10 टन से बढ़कर 2014 की समान अवधि तक 70 टन हो गया था।

डब्ल्यूजीसी ने कहा कि वर्ष 2013 की दूसरी छमाही से 2019 की दूसरी तिमाही तक शुल्क 10 प्रतिशत पर स्थिर रहने के बावजूद अनधिकृत आयात ऊंचे स्तर पर बना रहा और औसतन 34 टन प्रति तिमाही रहा।

इससे संकेत मिलता है कि एक बार तस्करी नेटवर्क स्थापित हो जाए तो उसे खत्म करना कठिन होता है।

इसी तरह का रुख जुलाई, 2022 में शुल्क 10.75 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किए जाने के बाद भी देखने को मिला। अनधिकृत आयात 2022 की दूसरी तिमाही में 17 टन से बढ़कर उसी वर्ष के अंत तक लगभग 50 टन हो गया और 2023 के अधिकांश समय तक ऊंचे स्तर पर बना रहा।

# भारत ने डब्ल्यूटीओ में सौर पैनल मामले में चीन के अनुरोध पर रोक लगाई..



नई दिल्ली, (भाषा)।

भारत ने सौर सेल, मॉड्यूल और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्रों के लिए अपने समर्थन उपायों को लेकर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में दायर मामले में पैनल गठित करने के चीन के अनुरोध पर रोक लगा दिया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

चीन ने इस महीने की शुरुआत में डब्ल्यूटीओ के विवाद निपटान निकाय (डीएसबी) से एक पैनल गठित करने का अनुरोध किया था। यह अनुरोध दोनों देशों के बीच परामर्श के विफल रहने के बाद किया गया था। चीन ने पिछले वर्ष दिसंबर में यह मामला दायर किया था।

जिनेवा स्थित एक अधिकारी ने कहा कि भारत ने मामले में पैनल बनाने से संबंधित चीन के पहले अनुरोध को खारिज कर दिया है।

डब्ल्यूटीओ नियमों के तहत, मामले से संबंधित देश पहली बार पैनल गठन के अनुरोध को रोक सकता है, लेकिन दूसरी बार भी यह अनुरोध किए जाने पर पैनल गठित हो जाता है।

यह मुद्दा 22 मई को जिनेवा में आयोजित डीएसबी की बैठक में उठा था। यदि चीन अगली बैठक में दोबारा अनुरोध करता है, तो पैनल का गठन स्वतः हो जाएगा।

चीन ने आरोप लगाया है कि भारत द्वारा कुछ प्रौद्योगिकी उत्पादों पर लगाए गए आयात शुल्क और घरेलू उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने वाले उपाय चीनी उत्पादों के साथ भेदभाव करते हैं। उसका दावा है कि भारत के ये कदम डब्ल्यूटीओ के विभिन्न समझौतों के प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं।

भारत ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उसके सभी कदम डब्ल्यूटीओ नियमों के अनुरूप हैं। इसके साथ ही भारत ने कहा कि वैश्विक सौर मॉड्यूल मूल्य शृंखला के 80 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर नियंत्रण रखने वाला चीन अन्य देशों में इस उद्योग के वैध विकास में बाधा डालने की कोशिश कर रहा है, जो कि विडंबनापूर्ण है। यह पैनल गठन होने पर यह तय करेगा कि उच्च-प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों पर भारत द्वारा लगाए गए आयात शुल्क और सौर ऊर्जा उत्पादों के लिए प्रोत्साहन उपाय डब्ल्यूटीओ की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप हैं या नहीं।

भारत ने सौर क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें आयातित सौर सेल एवं मॉड्यूल पर शुल्क, सरकारी परियोजनाओं में स्थानीय उत्पादों के उपयोग की अनिवार्यता, 'एप्रूव्ड लिस्ट ऑफ मॉडल्स एंड मैन्युफैक्चरर्स' और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शामिल हैं।

दोनों देश डब्ल्यूटीओ के सदस्य हैं और यदि किसी सदस्य को लगता है कि दूसरे देश की नीतियों से उसके निर्यात पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, तो वह विवाद निपटान व्यवस्था के तहत शिकायत दर्ज कर सकता है।

चीन ने भारत के खिलाफ वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में भी एक अलग मामला दायर किया हुआ है।

वर्ष 2025-26 में चीन अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया है। इस दौरान द्विपक्षीय व्यापार 151.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया जबकि चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 112.16 अरब डॉलर हो गया।




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433


# मेरठ में संविदा नर्स की हत्या, वार्ड बॉय और उसकी बहन पर मुकदमा दर्ज..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के मेरठ में मेडिकल कॉलेज की एक संविदा नर्स की कथित रूप से गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने देर शाम बताया कि मामले में एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।***

पुलिस ने इस मामले में मेडिकल कॉलेज के एक वार्ड बॉय और उसकी बहन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी बहन को हिरासत में ले लिया गया है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक मृत महिला की पहचान अंजलि शर्मा (25) के रूप में हुई है, जो मेडिकल कॉलेज में संविदा नर्स थी। पारिवारिक विवाद के चलते वह अपने मायके में रह रही थी। पुलिस का कहना है कि मेडिकल कॉलेज में अंजलि की वार्ड बॉय सूफ्यिान से दोस्ती हो गई थी। पुलिस के अनुसार अविवाहित सूफ्यिान ने करीब पांच महीने पहले ही मेडिकल कॉलेज में नौकरी शुरू की थी लेकिन पिछले दो महीनों से वह काम पर नहीं आ रहा था।

पुलिस के मुताबिक बृहस्पतिवार सुबह अंजलि ड्यूटी के लिए घर से निकली थी, लेकिन मेडिकल कॉलेज जाने के बजाय वह सूफ्यिान के घर पहुंची। आरोप है कि वहां सूफियान ने अपनी बहन साजिदा के साथ मिलकर दुपट्टे से गला दबाकर अंजलि की हत्या कर दी।




पुलिस के अनुसार इसके बाद अंजलि के शव को ई-रिक्शा में रखकर मेडिकल कॉलेज के आपातकालीन विभाग के बाहर छोड़ दिया गया, जहां कर्मचारियों ने अंजलि की पहचान कर उसके परिजनों और पुलिस को इसकी सूचना दी। नगर पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोसले ने शुक्रवार को बताया कि अपराह्न करीब दो बजे सूचना मिली थी कि एक महिला मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया है।

भोसले ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ के आधार पर साजिदा की पहचान की गई और उसे हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि पूछताछ में उसके भाई सूफियान की संलिप्तता भी सामने आई है। भोसले ने कहा कि सूफियान की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही हैं। हत्या के कारण के बारे में पूछे जाने पर नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अंजलि शर्मा पर आरोपी शादी के लिए दबाव बना रहा था, जबकि अंजलि इसके लिए तैयार नहीं थी। धर्मांतरण के पहलू पर पूछे गए सवाल के जवाब में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अब तक की जांच में व्हाट्सऐप चैट और अन्य डिजिटल साक्ष्यों में धर्मांतरण जैसी कोई बात सामने नहीं आई है लेकिन मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

इस बीच थाना मेडिकल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी महिला साजिदा को तेजगढ़ी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक हैंडबैग बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान जबर सिंह का नाम भी सामने आया, जिसके बाद उसे काली नदी गढ़ रोड के पास से गिरफ्तार किया गया तथा उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक, मामले में साक्ष्य संकलन और विवेचना के आधार पर बीएनएस की धारा 61(2) भी बढ़ाई गई है। दोनों गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अकासा एयर कार्गो से 2.58 करोड़ रुपये का सोना चोरी होने के मामले में आठ गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अहमदाबाद में अकासा एयर के कार्गो से 2.58 करोड़ रुपये मूल्य के 2.1 किलोग्राम सोने के आभूषणों की चोरी की एक पूर्व-नियोजित साजिश में कथित संलिप्तता के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।***



पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त जोन-4 अतुल कुमार बंसल ने बताया कि 18 मई को लॉजिस्टिक्स कंपनी ने अकासा एयर की कार्गो सेवा के जरिये सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सोने के आभूषणों से भरे सात पार्सल भेजे थे जिनमें से एक पार्सल गायब था। उन्होंने बताया कि पार्सल में 2.1 किलोग्राम सोने के आभूषण थे।

बंसल ने बताया कि अहमदाबाद पुलिस ने तकनीकी निगरानी, सीसीटीवी फुटेज आदि का उपयोग कर मामले की जांच की और अकासा एयर के कर्मचारियों से जुड़े पूरे गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सालेमोहम्मद उर्फ सलाम मोहम्मद अमीन अंसारी, कडलिप पटेल, रोशन पटेल, जैद अंसारी, सुल्तान सामा, रविकांत बगिया, किरण पवार और शंकर वक्शे के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि रिजवान, फारूक समा, योगेश पाटिल और जयेश परमार फरार हैं। उन्होंने कहा कि सालेमोहम्मद उर्फसलाम मोहम्मद अमीन अंसारी ने कथित तौर पर उसी उड़ान में एक यात्री के रूप में यात्रा की, जिससे पार्सल ले जाया गया था,

और उसका टिकट जयंती पटेल द्वारा अग्रिम रूप से बुक किया गया था। अधिकारी ने कहा, 'रोशन पटेल अकासा एयर में सफाई विभाग का प्रभारी है, जबकि जयेश परमार सामान की देखभाल करने वाले कर्मी के रूप में कार्यरत है। अहमदाबाद हवाई अड्डे से कार्गो विमान में लादते समय परमार ने कथित तौर पर बाधा उत्पन्न की और पार्सल से सोना निकालकर सलाम अंसारी के बैग में डाल दिया।'

पुलिस ने बताया कि इस साजिश का सूत्रधार जैद अंसारी है, जो विमानन कंपनी में सुरक्षा प्रभारी के रूप में काम करता है। इसने कहा कि अंसारी ने समान चढ़ाने वाले अन्य कर्मियों को कथित तौर पर बुलाकर उनकी जांच और तलाशी करवाई, ताकि परमार को चोरी करने में मदद मिल सके। पुलिस उपायुक्त ने कहा, 'चोरी का सोना सलमान अंसारी अहमदाबाद लेकर आया

और रिजवान को दे दिया, जिसने इसे परेश को दे दिया। परेश ने सोने के आभूषणों को पिघलाकर बिस्कुट में तब्दील कर दिया और बाद में राजकोट तथा अहमदाबाद के विभिन्न सर्राफों को बेच दिया।' उन्होंने बताया कि 2.58 करोड़ रुपये मूल्य के 2.1 किलोग्राम सोने के आभूषण चोरी करने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपायुक्त ने कहा कि 1.72 करोड़ रुपये का सोना बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आठ आरोपियों में से दो, जैद अंसारी और रोशन पटेल, अकासा एयर के लिए काम करते थे। विमानन कंपनी ने एक बयान में बताया कि उसने दोनों कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। बयान में कहा गया, 'घटना के तुरंत बाद अकासा एयर द्वारा पुलिस को मामले की सूचना दी गई थी। हमने संबंधित अधिकारियों को पूरा सहयोग दिया है और चल रही जांच में सहयोग करना जारी रखेंगे।'

# अमेरिका के पड़ोसी देश में 25 लोगों की गोली मारकर हत्या, हमलावरों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग..




डेस्क जगप्रेरणा।

***अमेरिका के पड़ोसी देश होंडुरास से एक दर्दनाक मामला सामने आ रहा है। यहां दो अलग-अलग इलाकों में 25 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यहां उत्तरी होंडुरास के ट्रूजिलो नगर पालिका में 19 मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। ये फायरिंग एक बागान में की गई।***

वहीं ग्वाटेमाला बॉर्डर के पास ओमोआ नगर पालिक इलाके में भी 6 पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बता दें संसाधनों से समृद्ध यह क्षेत्र दशकों से कृषि संघर्ष का केंद्र रहा है। फिलहाल जांच एजेंसियां कार्रवाई में जुट गई हैं।

## दो इलाकों में हुई फायरिंग..

पुलिस ने बताया कि गुरुवार को होंडुरास के तटीय इलाके में बंदूकधारियों ने दो अलग-अलग हमलों में गोलीबारी की। इन हमलों में 6 पुलिस अधिकारियों सहित कम से कम 25 लोग मारे गए हैं। राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता एडगार्डो बाराहोना ने बताया कि पहली घटना उत्तरी होंडुरास के ट्रूजिलो नगर पालिका में एक बागान में हुई, जहां कम से कम 19 श्रमिकों को गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि दूसरे हमले में, ग्वाटेमाला सीमा के पास कोर्टेस विभाग के ओमोआ नगर पालिका में हमलावरों ने पुलिस पर गोलीबारी की, जिसमें एक वरिष्ठ अधिकारी सहित 6 अधिकारी मारे गए।

## जांच के लिए टीमें गठित..

पुलिस ने बताया कि अधिकारी गिरोह-विरोधी अभियान पर तैनात थे और राजधानी तेगुसिगाल्पा से ओमोआ जाते समय उन पर हमला किया गया। हालांकि बाराहोना ने ट्रूजिलो में कम से कम 19 श्रमिकों की मौत की बात कही, लेकिन उन्होंने कहा कि मृतकों की कुल संख्या अभी भी स्पष्ट नहीं है, क्योंकि पीड़ितों के परिजनों ने अपने प्रियजनों के शवों को घटनास्थल से हटा लिया है। उन्होंने बताया कि जांचकर्ताओं को घटनास्थल पर भेजा गया है। वहीं सुरक्षा मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय पुलिस और सशस्त्र बल उन दोनों क्षेत्रों में कार्रवाई करेंगे जहां हमले हुए हैं, और जांच के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों और अभियोजकों सहित टीमें गठित की जाएंगी।

# पार्क जा रही मां-बेटी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला, महिला की मौत; आरोपी फरार..

डेस्क जगप्रेरणा।

***जिले के अंता कस्बे से कानून-व्यवस्था को तार-तार कर देने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां गुरुवार रात पार्क में घूमने जा रही एक महिला और उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को रास्ते में रोककर एक बदमाश ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।***




हमले में गंभीर रूप से घायल महिला ने कोटा के अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, वहीं बेटी की हालत नाजुक बनी हुई है। सरेआम हुई इस वारदात के बाद से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## पार्क में घूमने जाते समय हमला..

जानकारी के मुताबिक अंता के क्वासपुरा मोहल्ले की रहने वाली महिला अपनी 16 साल की नाबालिग बेटी के साथ गुरुवार रात करीब 9 बजे पैदल ही खेमजी गार्डन में घूमने के लिए जा रही थीं। इसी दौरान सीसवाली रोड पर घात लगाए बैठे एक बदमाश ने उनका रास्ता रोक लिया। इससे पहले कि मां-बेटी कुछ समझ पातीं, आरोपी ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। चाकूबाजी की इस खौफनाक घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

## इलाज के दौरान मां की मौत..

लहूलुहान हालत में मां-बेटी को देखकर आस-पास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को एक लोडिंग वाहन की मदद से तुरंत अंता अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें कोटा रेफर कर दिया। यहां देर रात इलाज के दौरान मां ने दम तोड़ दिया। उधर, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बदमाश मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

## आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस..

घटना की सूचना मिलते ही अंता अस्पताल के बाहर भारी संख्या में स्थानीय लोगों और परिजनों की भीड़ जमा हो गई। सरेआम महिलाओं पर हुए इस जानलेवा हमले को लेकर लोगों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ गहरा गुस्सा देखा गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# स्कूटी से घर लौट रही वकील शिवानी को कार ने उड़ाया

## परिवार की एकमात्र सहारा थीं; पिता पहले ही कोमा में..

डेस्क जगप्रेरणा।

***लुधियाना में गुरुवार शाम पीएयू (PAU) के नजदीक सग्गू चौक के पास एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार लेडी वकील शिवानी वाधवा की मौत हो गई।***



हैबोवाल डेयरी कॉम्प्लेक्स निवासी शिवानी जिला कचहरी से काम खत्म कर रोज़ाना की तरह अपनी सफेद रंग की एक्टिवा से घर लौट रही थीं, तभी एक ग्रे रंग की होंडा अमेज कार को चला रही महिला ने लापरवाही से उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में शिवानी करीब 20 फीट तक घसीटती चली गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। पूरा हादसा वहां लगे CCTV में कैद हो गया।

## जज बनने का सपना टूटा..

जानकारी के मुताबिक कुछ राहगीरों और मृतका के जीजा सुमित बवेजा जो उस वक्त शिवानी के पीछे ही आ रहे थे, उन्होंने घायल शिवानी को एक्सीडेंट करने वाली उसी महिला की कार से छ्स्ष्ट अस्पताल पहुंचाया, लेकिन जब डॉक्टरों ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया तो हादसे के बाद प्रगति धीर नामक आरोपी महिला वहां से मौका पाते ही फरार हो गई। पुलिस ने महिला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शिवानी घर की इकलौती कमाने वाली सदस्य थीं और जज बनने की तैयारी कर रही थीं।

## पिता ब्रेन हैमरेज के कारण कोमा में..

शिवानी के पिता ब्रेन हैमरेज के कारण कोमा में हैं। उधर, लुधियाना जिला बार एसोसिएशन ने एडवोकेट शिवानी वाधवा की मौत पर शोक जताते हुए शुक्रवार को 'नो वर्क डे' घोषित किया और सभी अदालतों से मामलों की अगली तारीख देने की अपील की है।

## फरार महिला के पास नहीं था ड्राइविंग लाइसेंस..

हालांकि इस संबंध में घटना के बाद परिजनों और बार एसोसिएशन के वकीलों ने आरोपी महिला के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बहरहाल कहा यह भी जा रहा है फरार हुई आरोपी महिला प्रगति धीर के पास कोई भी ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था मगर यह अभी एक जांच का विषय है।

# छोटे भाई का सेहरा नहीं सुहाया, दुल्हन को कुल्हाड़ी से काट डाला..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में छोटे भाई की शादी से नाराज एक व्यक्ति ने उसकी 10 दिन पहले ब्याह कर आयी पत्नी की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि जबलपुर जिले के बरगी थाना क्षेत्र के देवरी गांव निवासी सरिता मरकाम (23) का विवाह 10 दिन पहले खजरी गांव निवासी बबलू मरकाम से हुआ था।***

उन्होंने बताया कि बबलू का बड़ा भाई अब्बू मरकाम (35) अविवाहित है और छोटे भाई की शादी होने से वह नाराज था। इसी बात को लेकर दो दिन पहले उसका अपने पिता लच्छी मरकाम से विवाद भी हुआ था, जिसके बाद वह घर छोड़कर चला गया था।

लालचंदानी ने बताया कि शुक्रवार सुबह अब्बू कुल्हाड़ी लेकर घर पहुंचा। उस समय बबलू किसी काम से घर से बाहर गया था, जबकि घर में सरिता, उसके ससुर और आरोपी की भांजी मौजूद थी। उन्होंने बताया कि घर पहुंचने के बाद आरोपी ने फिर झगड़ा शुरू कर दिया।

इस दौरान उसने सरिता से पैर छूने को कहा। सरिता द्वारा इनकार किए जाने पर विवाद बढ़ गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीच-बचाव करने के प्रयास में भांजी ने हंसिया उठा लिया, लेकिन आरोपी ने उससे हंसिया छीनकर उसे डरा-धमका कर भगा दिया। इसके बाद उसने सरिता के गले पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी को गांव के समीप जंगल से गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई है।

# कार में तेजाब की बोतल फटने से दो लोग बीमार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***नयी दिल्ली, 22 मई (भाषा) दिल्ली के शाहीनबाग थाना क्षेत्र के जसोला मेट्रो स्टेशन के पास शुक्रवार शाम को एक कार के अंदर तेजाब की बोतल फटने से दो लोग बीमार पड़ गए और बेहोश हो गए।***



दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना की सूचना शाम 5.04 बजे डीएफएस को दी गई कि दक्षिणपूर्वी दिल्ली में कालिंदी कुंज रोड के पास एक कार में आग लग गई है और उसमें दो लोग हैं। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गईं।

हालांकि, मौके पर पहुंचकर जांच करने पर दमकल अधिकारियों को पता चला कि गाड़ी के अंदर आग नहीं लगी थी। डीएफएस अधिकारियों के अनुसार, गाड़ी में सवार अनिल (42) और ज्योत्सना (42) बोतल से निकले धुएं के कारण बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि बीमार पड़े व्यक्तियों को पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) कर्मियों द्वारा इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया।

डीएफएस अधिकारियों ने बताया कि तेजाब की बोतल फटने से एक जोरदार धमाके जैसी आवाज आई, जिसके कारण शुरू में वाहन में आग लगने की खबरें आईं। अधिकारियों ने बताया कि घटना के पीछे के सटीक कारण और जिन परिस्थितियों में तेजाब की बोतल को ले जाया जा रहा था, उनकी जांच की जा रही है।










जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
लक्ष्मीनारायण दुबे तिरोड़ा
मो. 9404304226

# ‘साहब, हमारी जनगणना करो, हमें हमारी संख्या जानने दो’- गांधीटोला ग्रामवासियों की भावुक मांग

## ओबीसी के लिए अलग कॉलम नहीं होगा तो जनगणना ही मंजूर नही..

## राष्ट्रपति, गृहमंत्री व जिलाधिकारी को ज्ञापन, ओबीसी समाज का जनगणना बहिष्कार का इशारा..

राकेश रोकडे जगप्रेरणा सालेकसा।





***राष्ट्रीय जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज के लिए अलग कॉलम नहीं होने के विरोध में सालेकसा तहसील के गांधीटोला ग्रामवासियों ने तीव्र नाराजगी व्यक्त करते हुए जनगणना के***
बहिष्कार की चेतावनी दी है। इस संबंध में महामहिम राष्ट्रपति, केंद्रीय गृहमंत्री तथा जिलाधिकारी गोंदिया को तहसीलदार सालेकसा के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ‘साहब, हमारी जनगणना करो; हमें हमारी संख्या जानने दो,’ ऐसी भावुक मांग ग्रामवासियों ने ज्ञापन के माध्यम से की है। देश में बहुसंख्यक होने के बावजूद ओबीसी समाज की आधिकारिक संख्या आज तक स्पष्ट नहीं की गई है। इसके कारण शासन की योजनाओं, आरक्षण तथा विकास नीतियों में ओबीसी समाज के साथ अन्याय होने की भावना नागरिकों ने व्यक्त की।

देश में सबसे अधिक कर भरने वाला, श्रम करने वाला तथा अन्न उत्पादन करने वाला किसान और श्रमिक वर्ग बड़े पैमाने पर ओबीसी समाज से आता है। इसके बावजूद ऐसे समाज को राष्ट्रीय जनगणना में अलग पहचान न देना उनके संवैधानिक अधिकारों पर प्रहार होने का आरोप ग्रामवासियों ने लगाया है। केंद्र सरकार द्वारा स्वतंत्र ओबीसी जनगणना का आश्वासन दिए जाने के बावजूद वास्तविक जनगणना में अलग कॉलम नहीं होने से समाज में तीव्र असंतोष निर्माण हुआ है।‘जब तक ओबीसी समाज की स्वतंत्र जनगणना नहीं होगी, तब तक ऐसी जनगणना का हमारा सामूहिक बहिष्कार जारी रहेगा,’ ऐसा स्पष्ट इशारा समस्त गांधीटोला ग्रामवासियों ने दिया है। तहसील में ओबीसी जनगणना के मुद्दे पर नई चर्चा शुरू हो गई है तथा ग्रामवासियों का आक्रामक रुख प्रशासन के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है।

इस अवसर पर सरपंच दिपिकाताई मेंढे, पूर्व सरपंच भूमेश्वर जी मेंढे, पूर्व उपसरपंच अरविंद फुंडे, टी. जी. फुंडे, पवन पाथोडे, दिनेश मेंढे, मुकेश फुंडे, भुवन मेंढे, सुनील फुंडे, अनिल मेंढे, रामदास कोरे, व्यंकट फुंडे, लोकेश नागरिकर, योगेश बहेकार, अजय भांडारकर, निखिल शेंडे, प्रमोद कोरे, रामकृष्ण दोनोडे, परमानंद बहेकार सहित ग्रामवासियों ने ज्ञापन के माध्यम से तहसीलदार द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री से जनगणना कराने की मांग की है।

# प्लॉट के लेन-देन में महिला से लाखों रुपये की ठगी, ट्रांजेक्शन कैंसिल करने की मांग करते ही मिली धमकी..

## आमगांव पुलिस स्टेशन में छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज, प्लॉट रजिस्ट्रेशन मामले से इलाके में सनसनी..



**जगप्रेरणा आमगांव।**
***आमगांव में एक महिला से प्लॉट खरीदने-बेचने के लेन-देन में लाखों रुपये की ठगी करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है।***

इस मामले में आमगांव पुलिस स्टेशन में छह लोगों के खिलाफभारतीय दंड संहिता **(IPC)** की अलग-अलग धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है, और इस घटना से इलाके में काफी सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता रानी राजेश कालसर्पे (उम्र 43, निवासी कुंभारटोली, आमगांव) ने आमगांव पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक, आरोपियों ने शिकायतकर्ता महिला से प्लॉट बेचने का लेन-देन करके करीब पांच लाख रुपये लिए थे। आरोपियों ने संबंधित प्लॉट की रजिस्ट्री करने का वादा किया था। शिकायतकर्ता महिला के मुताबिक, शुरुआत में आरोपियों ने प्लॉट बेचने के मामले में उसका भरोसा जीतकर कई चरणों में पैसे लिए।

इसके बाद रजिस्ट्रेशन के लिए तारीखें दी गईं, लेकिन हर बार अलग-अलग कारण बताकर रजिस्ट्रेशन टाल दिया गया। आखिर में, ट्रांज़ैक्शन पर शक होने पर महिला ने पैसे वापस मांगे। हालांकि, शिकायत में आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया है कि उसके साथ गाली-गलौज की गई और यह कहकर दबाव डाला गया, ‘अगर प्लॉट लेना है तो ले लो, नहीं तो पैसे भूल जाओ।’ यह भी पता चला है कि ट्रांज़ैक्शन कैंसिल करने और पैसे वापस करने के बजाय, आरोपी लगातार उसे टालते रहे। शिकायत के आधार पर, आमगांव पुलिस ने इंडियन पीनल कोड 2023 की धारा 189(2), 351(2) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मामले में आरोपियों में निर्मल मोहन कालसर्पे, कुंदन मोहन कालसर्पे, युवराज मोहनलाल कालसर्पे, लीलाबाई शंकरलाल रेखेल, अनिल सोनकनेवरे और कागेश राव शामिल हैं। इस बीच, प्लॉट के लेन-देन में धोखाधड़ी और धमकी के इस मामले ने आमगांव इलाके में चर्चा का विषय बना दिया है, और पुलिस संबंधित लेन-देन के कागज़ात और फाइनेंशियल लेन-देन की जानकारी की जांच कर रही है। हेड कांस्टेबल नीलेश प्रकाश भजने इस मामले की आगे की जांच कर रहे हैं।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एव विज्ञापनो
के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

# तिरोड़ा रेलवे स्टेशन पर जल्द लगेंगे कोच डिस्प्ले और ट्रेन इंडिकेटर बोर्ड: रेल प्रशासन ने दी मंजूरी


दक्षिण पूर्व मध्य रेल
दीपक कुमार गुप्ता
Deepak Kumar Gupta
Divisional Railway Manager
SOUTH EAST CENTRAL RAILWAY
Kingsway, Nagpur - 440 001 (M.S.)

**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**
***रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक राहत भरी खबर है। स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा को बढ़ाने के लिए जल्द ही कोच डिस्प्ले बोर्ड और ट्रेन इंडिकेटर बोर्ड लगाए जाएंगे।***

रेल प्रशासन द्वारा इस कार्य को आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है। यह महत्वपूर्ण निर्णय राज्य सभा सदस्य प्रफुल पटेल के निरंतर प्रयासों के बाद लिया गया है। गौरतलब है कि सांसद प्रफुल पटेल ने 7 अप्रैल 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेल **(SECR)** के नागपुर मंडल रेल प्रबंधक **(DRM)** को पत्र लिखकर तिरोड़ा स्टेशन पर यात्रियों की इस असुविधा को दूर करने की मांग की थी।

सांसद पटेल की मांग पर रेल प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई कर प्रफुल पटेल के पत्र का संज्ञान लेते हुए, दक्षिण पूर्व मध्य रेल के मंडल रेल प्रबंधक **(DRM)** दीपक कुमार गुप्ता ने लिखित तौर पर इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तिरोड़ा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा हेतु कोच डिस्प्ले बोर्ड और ट्रेन इंडिकेटर बोर्ड लगाने के कार्य को स्वीकृत **(Approve)** किया जा चुका है। रेल प्रशासन के अनुसार, इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए आवश्यक प्रशासनिक और तकनीकी कार्रवाई तेजी से शुरू कर दी गई है।


## यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत..

वर्तमान में तिरोड़ा स्टेशन पर कोच पोजीशन (डिब्बा कहाँ आएगा) और ट्रेनों के आने-जाने की सही जानकारी के डिजिटल बोर्ड न होने से यात्रियों, विशेषकर बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लग जाने से अब यात्रियों को अपनी ट्रेन की स्थिति और कोच ढूंढने में कोई दिक्कत नहीं होगी। सांसद प्रफुल पटेल के इस सफल प्रयास पर क्षेत्र के नागरिकों और रेल यात्रियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया है।

# गौतम अदानी के जन्मदिन पर मेरिटोरियस स्कूल में की गया रक्तदान शिविर..



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**
***अदानी उद्योग समूह के प्रमुख गौतम अदानी के जन्मदिन के अवसर पर तिरोड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।***





यह शिविर अम्बुजा सीमेंट एवं मेरिटोरियस पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर में जिला अस्पताल तिरोड़ा की चिकित्सकीय टीम द्वारा रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम में अम्बुजा सीमेंट के प्रतिनिधि अभिजीत रायपुरकर तथा विद्यालय के संचालक मुकेश अग्रवाल की प्रमुख उपस्थिति रही। इस अवसर पर कुल 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम मेरिटोरियस पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समाजोपयोगी उद्देश्य से आयोजित इस रक्तदान शिविर की उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों द्वारा सराहना की गई।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### माँ को मारने की बात पर भाई बहन मे हुई मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/5/2026 के 8 बजे के दरम्यान डव्वा मे फर्यादी संगीता शिवदास वालदे उम्र 44 वर्ष निवासी सडक अर्जुनी और आरोपी सगे भाई बहन होकर घटना के समय आरोपी से पुछा तु मा को क्यो मारता है, तेरे नाम की पुलिस मे शिकायत करती हु इस बात पर आरोपी ने बाल पकड़कर नीचे गिराया ओर खर्रा घोटने की पटिया से सर पर मारकर जख्मी किया और जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 250/2026 धारा 118,1,351,2,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा ईस्कापे पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### भीषण गर्मी से तबियत खराब हुवे खुवक की मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के नवेगावबांध पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 21/ 5/ 2026 सुबह 11 बजे के दरम्यान देवलगाव मे विनोद विश्वनाथ राऊत उम्र 38 वर्ष निवासी देवलगाव गाव के किसान के यहा धान के बोरे बांधने गया था। पिने का पानी खतम होने से वह पानी लेने गया गर्मी की वजह से उसे चक्कर आया, उपचार के लिये उसे नवेगावबांध अस्पताल ले गये जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। फर्यादी के बयान और डॉक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे नवेगावबांध मे अकस्मात मौत क्रमांक 10/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा कैलास जुमनाके पोस्टे नवेगावबांध कर रहे है।

### फोरविलर की चपेट मे आने से युवक की मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत ऑक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 21/ 5/ 2026 के सुबह 10 बजे नवेझरी मे नरेश फुलचंद मच्छीरके उम्र 45 वर्ष निवासी नवेगाव घटना के समय अपनी हार्डवेयर के दुकान जा रहा था। सामने से आ रहे पिकअप वाहन चालक प्रताप हेमराज लिल्हारे ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर नरेश को जोरदार टक्कर मारी नरेश गंभीर जख्मी होने से उसे उपचार के लिये ग्रामीण अस्पताल नवेगाव ले गये। जहा डाक्टर ने जाँच कर मृत घोषित करने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 264/2026 धारा 106,1,125, ब,281, भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सफौ शामकुमार डोंगरे पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

# आदिवासी विकास विभाग के सचिव विजय वाघमारे ने देवरी परियोजना के उपक्रमों की सराहना की..

## ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्रों के छात्रों की ‘एआई’ और ‘रोबोटिक्स’ में कोडिंग देखकर सचिव हुए हैरान, बोरगांव बाजार के ग्रीष्मकालीन शिविर का किया दौरा..



**जगप्रेरणा देवरी।**
आदिवासी विकास विभाग के सचिव माननीय विजय वाघमारे (आई.ए.एस.) ने हाल ही में एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, देवरी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कार्यक्षेत्रों और शासकीय आश्रमशाला, बोरगांव बाजार में आयोजित ग्रीष्मकालीन (समर) शिविर का दौरा कर निरीक्षण किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने देवरी परियोजना के तहत चलाई जा रही अभिनव योजनाओं, उपक्रमों और छात्रों की प्रतिभा की जमकर सराहना की।

### विभिन्न विकास कार्यों और संकलन केंद्रों का निरीक्षण..

माननीय सचिव विजय वाघमारे ने अपने दौरे के दौरान धमदीटोला में शबरी महामंडल के तहत बनाए जा रहे गोदाम (गोडाउन) के निर्माण कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। साथ ही, (स्नत्रस्ष्ट) समिति के सदस्यों के साथ उनकी समस्याओं और कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा, उन्होंने गणुटोला/कडीकसा स्थित तेंदूपत्ता संकलन प्रक्रिया केंद्र का भी दौरा किया और वहां चल रहे कार्यों की समीक्षा की। जिला योजना समिति के अंतर्गत चिचगढ़ में आदिवासी संस्कृति के गौरव ‘गोटुल’ के नवीनीकरण कार्य का भी उन्होंने जायजा लिया।

### महिला सशक्तिकरण की समीक्षा की..

न्यूक्लियस बजट योजना के तहत महिला बचत समूहों द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करते हुए, वाघमारे ने रानी दुर्गावती योजना का लाभ उठाने वाली लाभार्थी महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने मनरेगा (नरेगा) विभाग द्वारा विकसित किए जा रहे बांस वृक्षारोपण (रोपवन) क्षेत्र का भी दौरा किया।

### ग्रीष्मकालीन शिविर के छात्रों से खुलकर बातचीत..

शासकीय कन्या आश्रमशाला बोरगांव बाजार में देवरी परियोजना के अंतर्गत आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में 225 छात्र भाग ले रहे हैं। माननीय सचिव ने इस शिविर का दौरा कर छात्रों से बातचीत की।
**सांस्कृतिक विभाग:** नृत्य, संगीत और नाटक (ड्रामा) कक्षाओं का दौरा कर उन्होंने छात्रों की प्रस्तुतियां देखीं। आदिवासी बच्चों में प्राकृतिक लय और अभिनय कौशल की उन्होंने विशेष रूप से सराहना की।

**चित्रकला और बांस कला:** छात्रों द्वारा बनाए गए हूबहू पोर्ट्रेट्स, रंगोली, पेंटिंग और मेहंदी डिजाइनों की उन्होंने तारीफ की। बांस प्रशिक्षण वर्ग में तैयार की गई वस्तुओं का निरीक्षण करते हुए उन्होंने मार्गदर्शन किया कि कैसे इस पारंपरिक कौशल को आधुनिकता से जोड़कर आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की जा सकती है।

**मल्लखंभ और एथलेटिक्स:** मल्लखंभ जैसे अत्यंत चुनौतीपूर्ण पारंपरिक खेल में बच्चों का कौशल देखकर सचिव ने आश्चर्य और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने इच्छा जताई कि ये छात्र भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर परियोजना का नाम रोशन करें।

### ‘एआई और रोबोटिक्स’ बना मुख्य आकर्षण..

शिविर का सबसे बड़ा आकर्षण ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस **(AI)** और रोबोटिक्स’ प्रशिक्षण वर्ग रहा, जहां सचिव का दौरा बेहद खास था। दुर्गम और ग्रामीण क्षेत्रों के आदिवासी छात्र सीधे रोबोटिक्स की कोडिंग कर रहे हैं और एआई प्रणाली को समझ रहे हैं, यह देखकर उन्होंने अत्यधिक प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आदिवासी छात्रों का 21वीं सदी की उन्नत तकनीक से जुड़ना विभाग की यात्रा में एक अत्यंत गौरवपूर्ण मील का पत्थर है। सभी छात्रों से सामूहिक संवाद करते हुए माननीय सचिव विजय वाघमारे ने गुरुमंत्र दिया कि, ‘पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक का समन्वय करके ही भविष्य की प्रगति संभव है।÷ उन्होंने छात्रों को बहुमूल्य सलाह दी कि इस शिविर में सीखी गई चीजों को केवल शौक तक सीमित न रखें, बल्कि भविष्य में अपने करियर की दिशा तय करने के लिए इसका उपयोग करें।

### मोबाइल ई-प्रचार वाहन और स्वच्छता मशीन की सराहना..

दौरे के अंत में उन्होंने देवरी परियोजना कार्यालय का दौरा किया। वहां उन्होंने नवनिर्मित ‘रानी दुर्गावती सूचना सुविधा केंद्र’, अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस ‘मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक प्रचार-प्रसार वाहन’ और ‘स्वच्छता मशीन’ का निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आधुनिक प्रणालियों के कारण कम कर्मचारियों की मदद से भी स्कूलों और छात्रावासों को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी, साथ ही मोबाइल वाहन के माध्यम से आदिवासी विकास विभाग की योजनाएं दुर्गम क्षेत्रों के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी और उनका विकास सुनिश्चित होगा। सचिव के इस दौरे और मार्गदर्शन से देवरी परियोजना के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, मार्गदर्शक शिक्षकों और छात्रों का मनोबल काफी बढ़ा है।

## रेती चोर ट्रॅक्टर ट्रॉली सहित गिरफ्तार मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
**गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 21/5/2026 के रात 2 बजे फुटाळा मे फर्यादी पोहवा दिपक बाळा खोटेले पोस्टे डुग्गीपार अपनी ड्यूटी कर रहे थे। उस दरम्यान आरोपी ट्रॅक्टर चालक और उसके साथीदार ने अपने ट्रॅक्टर ट्राली मे 1 ब्रास रेती ले कर जा रहे थे। रेती के बारे मे पुछने पर किसी प्रकार का पास परमिशन नही था।**

**रेती चोरी कर ले जाते समय पकड़ाने से ट्रॅक्टर ट्राली, रेती कुल 4 लाख 6 हजार रुपये का माल जप्त कर दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 249/ 2026 धारा 303, 2, 305, ई, 49, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा जागेश्वर उईके पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।**





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### एक शराबी को नौकरी पर रखना साबित हुआ जानलेवा..

## शराब के लिये पैसे नहीं दिये तो शराबी नौकर ने आधी रात में कर दी ढाबा मालिक की जघन्य हत्या..

**■ गोंदिया क्राईम ब्रांच ने किया महाजन ढाबा संचालक हरिनखेड़े की हत्या मामले में खुलासा..**



एआई इमेज फोटो कैप्शन..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***दिन प्रतिदिन समय बड़ा ही खराब होता चला जा रहा है, कहीं की गई किसी भूल का किस प्रकार से खामियाजा भुगतना पड़ सकता है, कोई नहीं बता सकता, लेकिन ऐसे लोग जिनका चरित्र ठीक नहीं है, तथा जो किसी भी प्रकार से लत खोरी के आदि हैं, ऐसे लोगों से संपर्क रखना कई बार भारी पड़ जाता है, ऐसा ही गोंदिया जिले के रावणवाड़ी थाना अंतर्गत दिनांक 20 मई को***

बोपचे पेट्रोल पंप के समीप स्थित महाजन ढाबे के संचालक राजकुमार हरिनखेड़े के साथ हुआ कि जब उनकी हत्या उनके ही ढाबे में काम करने वाले एक कर्मचारी ने कर दी, क्योंकि एक घोर शराबी युवक को मृतक ने अपने ढाबे पर काम पर रखा हुआ था, और उसे शराब पीने से रोकने बरती गई कठोरता शराबी युवक पर इतनी भारी पड़ गई कि उसने आक्रोश में आकर ढाबा मालिक को रात में सोई हुई अवस्था में मौत के घाट उतार दिया। इस तरह का खुलासा पुलिस ने अब हत्याकांड के दो दिन बाद किया है।

**■ क्या है मामला..**

गौरतलब है कि मामले के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 20/05/2026 को शिकायतकर्ता श्रीमती दुर्गा पति राजकुमार हरिणखेडे, उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 3, रावणवाड़ी ने पुलिस थाना रावणवाड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पति राजकुमार हरिणखेडे, निवासी रावणवाड़ी की 19/05/2026 की रात 9:00 बजे से 20/05/2026 की सुबह 6:00 बजे के बीच महाजन ढाबा (बोपचे पेट्रोल पंप के पीछे) पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से सिर और गले पर क्रूर हमला कर हत्या कर दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना रावणवाड़ी में अपराध क्रमांक 278/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया तथा अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की गई। इस मामले में समानांतर जांच श्री पुरुषोत्तम अहेरकर, पुलिस निरीक्षक, एल.सी.बी. गोंदिया के मार्गदर्शन में एल.सी.बी. गोंदिया की टीम द्वारा भी की जा रही थी। जांच के दौरान गोपनीय सूचना मिली कि महाजन ढाबे पर काम करने वाला कर्मचारी महेश प्रकाश नेवारे, उम्र 22 वर्ष, निवासी मुरपार, तहसील एवं जिला गोंदिया इस मामले में संदिग्ध है और उसकी गतिविधियां संदेहास्पद हैं, तथा वह फरार है। प्राप्त सूचना के आधार पर एल.सी.बी. गोंदिया की टीम ने उसकी तलाश कर उसके गांव मुरपार पहुंचकर उसे हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजकुमार हरिणखेडे की हत्या के संबंध में पूछताछ करने पर शुरुआत में आरोपी युवक ने टालमटोल जवाब दिए। बाद में विश्वास में लेकर गहन पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि वह मृतक के महाजन ढाबे पर काम करता था और शराब पीने की आदत के कारण अक्सर मृतक ढाबा मालिक से शराब के लिए पैसे मांगता था। इस कारण मृतक उसे डांटता और गाली-गलौज करता था, जिससे उसके मन में रंजिश थी। वारदात दिनांक 19/05/2026 की रात लगभग 10:00 से 11:00 बजे के बीच उसने मृतक से शराब पीने के लिए पैसे मांगे, लेकिन मृतक ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और मृतक द्वारा मारपीट व गाली-गलौज किए जाने से उसके मन में काफी गुस्सा भर गया। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने इसी रंजिश के चलते रात में महाजन ढाबे पर सो रहे राजकुमार हरिणखेडे के सिर पर पत्थर से हमला किया तथा धारदार हथियार से गले पर वार कर उनकी हत्या कर दी। एलसीबी पुलिस ने आरोपी महेश प्रकाश नेवारे, उम्र 22 वर्ष, निवासी मुरपार, तहसील एवं जिला गोंदिया को आगे की जांच हेतु पुलिस थाना रावणवाड़ी के सुपुर्द कर दिया गया है।

**■ इनका रहा सराहनीय योगदान..**

गौरतलब है कि हत्या की वारदात का खुलासा करने में पुलिस अधीक्षक गोंदिया श्री गोरख भामरे, श्री अभय डोंगरे, अपर पुलिस अधीक्षक गोंदिया के निर्देश पर श्री पुरूषोत्तम अहेरकर, पुलिस निरीक्षक, एल. सी. बी. गोंदिया के मार्गदर्शन में मपोउपनि वनिता सायकर, स. फौ. राजेंद्र मिश्रा, पो. हवा. महेश मेहर, पो.हवा. सुबोधकुमार बिसेन, पो.हवा. संजय चव्हाण, पो.हवा. इंद्रजित बिसेन, पो.हवा. रियाज शेख, पो.शि. संतोष केदार, पो. शि. राकेश इंदुरकर, पो.शि. छगन विठ्ठले, मपोशि स्मिता तोंडरे, चापोशि राम खंडारे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**■ घटनाक्रम से लिया जाना चाहिये सबक..**

गौरतलब है कि किसी भी संस्थान में जब किसी को अवसर दिये जाने की जरुरत होती है, निश्चित ही आज के समय में इस बात की आवश्यकता है कि कार्य पर रखने से पहले कर्मचारी के नशा प्रवृत्ति में लिप्त होने की जांच जरुर की जानी चाहिये। क्योंकि कई मर्तबा ऐसा भी होता है कि नशेड़ी व्यक्ति नशे की स्थिति में फैक्ट्री या कारखाने में खुद की गलती से या तो कंपनी का बड़ा नुकसान कर बैठता है या फिर नशे में अपनी जान जोखिम में डाल देता है, ऐसे व्यक्ति के कारण कंपनी या कारखाने को भारी नुकसान उठाने की स्थिति बनती है, और ऐसा अनेक घटनाक्रमों में सामने आ चुका है, तथा अब इस मामले में तो हद ही हो गई कि गलत काम से रोकने पर नौकर मालिक का हत्यारा ही बन बैठा।

## गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद की कमान अब अमर वराड़े के कांधो पर..

**छात्र संगठन एनएसयूआई, युवक कांग्रेस से लेकर तय किया जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद का सफर..**







जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले में कांग्रेस का जलजला उस दिन बिखर गया था, जिस दिन अचानक पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कांग्रेस छोड़ दी थी, लेकिन जब पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने एक बार फिर कांग्रेस में घर वापसी की, देखते ही देखते कांग्रेस फिर एक बार गोंदिया विधानसभा में अपनी पूर्ववत स्थिति की ओर बढ़ने लगी। विधानसभा चुनाव भले ही पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल हार गए,***

लेकिन इसके बाद जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का क्रम शुरु है। इसी क्रम में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के नेतृत्व में गोंदिया नगर परिषद में कांग्रेस ने जबरदस्त सफलता हासिल की, और भारी विरोधाभासी परिस्थितियों के बीच सचिन शेंडे पर विश्वास जताते हुए पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने युवा सशक्त चेहरे सचिन शेंडे को नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाने की जोखिम उठाई, और सचिन शेडे ने नगर परिषद अध्यक्ष पद पर जोरदार जीत हासिल की।

गोंदिया में कांग्रेस संगठन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर जिला मुख्यालय के निवासी और कांग्रेस के समर्पित सिपाही को ही अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दिये जाने की जरुरत थी, और आखिरकार अब जिला कांग्रेस संगठन में भी कांग्रेस ने एक सशक्त ऊर्जावान चेहरे पर दांव लगाया है, तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले और पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के नेतृत्व में मजबूती से बढ़ती कांग्रेस में जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर कांग्रेस ने अब अमर वराड़े को जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंप दी है। अमर वराड़े के जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोनित किये जाने के बाद कांग्रेस संगठन में कुछ ऊर्जा महसुस की जा रही है, तथा कांग्रेस के वर्तमान चेहरों में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, अशोक (गप्पु) गुप्ता, सचिन शेंडे के साथ मिलकर अमर वराड़े कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे, ऐसी उम्मीदें संगठन में फेरबदल के साथ ही नजर आने लगी है।

**छात्र संगठन से लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष तक अमर वराड़े का सफर..**

गौरतलब है कि कांग्रेस संगठन में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मनोनित अमर वराड़े कांग्रेस के ऐसे नेता हैं, जिनकी शुरुआत कांग्रेस से और वर्तमान तक विभिन्न विरोधाभासी परिस्थितियों के बावजूद अमर वराड़े कांग्रेस संगठन में गोंदिया से मुंबई और दिल्ली तक सक्रियता के लिये जाने जाते हैं। अमर वराड़े की कांग्रेस संगठन में शुरुआत छात्र राजनीति से हुई थी। कांग्रेस के छात्र संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) में जिलाध्यक्ष और प्रदेश के पद पर अमर वराड़े कार्यरत रहे। इसके उपरांत उन्हें युवा कांग्रेस में जिलाअध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन में कार्य का अवसर मिला। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन के साथ ही प्रदेश कांग्रेस संगठन में प्रदेश प्रतिनिधि एवं प्रदेश सचिव के पद पर भी अमर वराड़े पदासीन रहे, वहीं संगठन के कार्यों में उनकी दिलचस्पी के चलते ही पार्टी संगठन ने अचानक निर्मित परिस्थितियों में गोंदिया विधानसभा में उम्मीदवार भी बनाया। अमर वराड़े कांग्रेस में आंदोलनों और आयोजनों के माध्यम से संगठन में निरंतर सक्रिय रहे, तथा इसी का परिणाम है कि छात्र राजनीति से कांग्रेस संगठन के साथ कदम दर कदम चलते और आगे बढ़ते अमर वराड़े को जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष मनोनित कर एक नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**अमर, प्रफुल और सचिन शेडे के सशक्त नेतृत्व मे आगामी चुनावो मे कांग्रेस करेगी फिर एक बार वापसी..**

गौरतलब है कि गोंदिया नगर परिषद के चुनाव मं सचिन शेंडे और प्रफुल अग्रवाल की जोड़ी ने कमाल कर दिखाया, और अब जिला कांग्रेस संगठन में जिलाध्यक्ष की कमान भी यूवा जुझारु चेहरे अमर वराड़े को दी गई है, जिसके बाद उम्मीद की जा रही है कि आगामी दिनों में अब जिला परिषद और पंचायत समिति तथा ग्राम पंचायत के चुनावों में भी प्रफुल अग्रवाल, सचिन शेंडे और अमर वराड़े की जुगलबंदी क्षेत्र के मतदाताओं को आकर्षित करेगी, और इन तीन युवा नेताओं के नेतृत्व में पंचायत चुनावों में कांग्रेस फिर एक बार वापसी कर सकती है। कांग्रेस के इन तीनों युवा चेहरों का जितना दम और प्रभाव क्षेत्र में है, माना जा सकता है कि यदि तीनों ने पूरी निष्ठा और जुगलबंदी से ताकत झोंक दी, तो भाजपा को भारी शिकस्त और चुनौती का सामना करना पड़ सकता है, तथा राजनीतिक विश्लेषकों की राय में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल जिले में कांग्रेस को पूरी ताकत से स्थापित करने के लिये पूरजोर ताकत लगा रहे हैं, जिसका परिणाम है कि गोंदिया जिले में कांग्रेस की दिशा और दशा बदलने की स्थितियां दिखाई देने लगी है।

## प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल में कक्षा 12 वी के मेधावी छात्र-छात्राओं का सत्कार समारोह संपन्न





जगप्रेरणा गोंदिया।

***श्रीमती उमादेवी बहुउद्देशिय शिक्षण संस्था, गोंदिया द्वारा संचालित सी. बी. एस. सी. बोर्ड नई दिल्ली से संलग्नित प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल में इस वर्ष भी कक्षा 12 वी के मेधावी छात्र-छात्राओ का सत्कार***

किया गया। मा. सोहम नरेश गुरव 90.20 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहा। द्वितीय मा. अंशुल अडवानी 84.00 प्रतिशत व मा. हर्षवर्धन राजेश्वर कटरे 83.80 प्रतिशत तीसरे स्थान पर रहे, इसके साथ ही कु. निधि राजकुमार पटले 83.20 प्रतिशत, कु. अवनी शेखर कटरे 80.80 प्रतिशत, मा. श्रीनीकेतन आनंदराव टेकाम 80.40 प्रतिशत, कु. ग्रेशी शरदचंद्र रहांगडाले 80.00 प्रतिशत, मा. अजहान राउफ पठान 79.80 प्रतिशत, कु. समीधा सुमेद चंद्रिकापुरे 77.80 प्रतिशत, कु. कांचन दिलीप मडावी 76. 00 प्रतिशत आदि का सत्कार किया गया जिन्होने परीक्षा में कड़ी महनत कर अपना नाम विशेष प्राविण्य सुची में दर्ज किया। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ शारदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित संस्था अध्यक्ष डॉ. पंकज कटकवार उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का पंकज कटकवार, संस्था सचिव डॉ. नीरज कटकवार, संचालिका श्रीमती लीना एन. कटकवार, प्राचार्या श्रीमती मिनाक्षी महापात्र, ओ. टी. रहांगडाले, विकास पटले के द्वारा परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

वरिष्ठ शिक्षक सुनील कटरे, रानी खान, हेमा नायडू, तुषार राऊत, मिलिंद कुंभलवार, इंदल लिल्हारे, गायत्री कटकवार, कुनाल लेढे, आदि शिक्षकों ने परीक्षा उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी।

आयुर्वेद, पंचकर्म
स्पाईन एंड जॉईन्ट केअर सेंटर
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म व पाँचभौतीक विशेषज्ञ
7620340356
ऑर्थो केअर -
पिठदर्द, कमरदर्द, घुटनों में दर्द, गर्दन दर्द, रिढ़ की हड्डी में गॅप आना, हाथ पांव में झुनझुनी आना आदि रोगों का आयुर्वेद द्वारा सफल ईलाज।
SPINE & JOINT CARE BY ADVANCE AYURVED PANCHAKARMA
• Cervical Spondylysis
• Slip Disc
• Spinal Cord Stenosis
• Lumber Spondylysis
• Knee Joint Care
आयुर्वेद द्वारा सौंदर्य चिकित्सा
• असमय बालों का झड़ना व सफेद होना
• चेहरे के काले दाग व पिंपल्स
स्त्रीरोग, त्वचाविकार,पेट के विकार आदि रोगों की आयुर्वेदिक चिकित्सा का विशेष अनुभव
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

**- सूचना -**

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

## मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत महाबोधि बौद्धगया जाने वाली यात्रा स्थगित..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग द्वारा 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठ नागरिकों के लिए ÷मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना÷ वर्ष 2024-25 से संचालित की जा रही है। इसी क्रम में वर्ष 2026-27 के अंतर्गत नागपुर विभाग के सभी जिलों के पात्र लाभार्थियों को महाबोधि मंदिर, बोधगया, बिहार तीर्थस्थल की यात्रा के लिए 25 मई 2026 को नागपुर से बौद्धगया तीर्थदर्शन यात्रा पर ले जाने का प्रस्ताव था। लेकिन वर्तमान में राज्य में चल रही विधान परिषद चुनाव आचार संहिता के कारण महाबोधि बौद्धगया जाने वाली इस तीर्थयात्रा को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। अतः गोंदिया जिले के महाबोधि बौद्धगया यात्रा के पात्र लाभार्थी इस सूचना का संज्ञान लें, ऐसा आवाहन समाज कल्याण सहायक आयुक्त किशोर भोयर ने किया है।

## धान/मक्का खरीद पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मई तक बढ़ाई गई

**जगप्रेरणा गोंदिया।** शासकीय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) खरीद योजना के अंतर्गत रबी विपणन सीजन 2025-26 में धान और मक्का खरीद के लिए किसानों की ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया की अंतिम तिथि पहले 15 मई 2026 तक बढ़ाई गई थी। लेकिन निर्धारित अवधि में धान और मक्का खरीद के लिए पर्याप्त संख्या में किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण नहीं हो पाने के कारण शासन द्वारा अब इसकी अंतिम तिथि 31 मई 2026 तक बढ़ा दी गई है। जिले के धान और मक्का उत्पादक किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी उपज की बिक्री के लिए निकटतम शासकीय आधारभूत धान खरीद केंद्र पर जाकर 31 मई 2026 तक ऑनलाइन किसान पंजीकरण करवाएं तथा शासन की धान खरीद योजना का लाभ उठाएं। यह आवाहन जिलाधिकारी, गोंदिया द्वारा किया गया है।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

प्लॉट बेचना है..
गोंदिया शहर में सराफा मार्केट में होटल ताज दरबार के बाजू में और आईसीआईसीआई बैंक और हनुमान मंदिर के सामने स्थित 7050 वर्गफुट का प्लॉट बेचना है। चारों तरफ से बाउंड्री से सिक्योर्ड है और 3 तरफसे रोड है। संपर्क करें.. मो. नं. 9300693881 मो. नं. 9179739502

**नाम बदल सुचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं दिनेश भरतलाल गुरबेले - वरिष्ठ अनुभाग अभियंता कार्य कार्यालय द.पू. मध्य रेलवे गोंदिया में TRACK MNTR - III के पद पर कार्यरत हूं। जो मेरा सर्विस रिकार्ड में दिनेश कुमार नाम चल रहा है, वह गलत है। जबकि मेरा सहीं नाम दिनेश भरतलाल गुरबेले है। तथा मुझे वर्तमान में दिनेश भरतलाल गुरबेले इस नाम से जाना जाए। इस संबंध में सभी कानूनी उत्तरदायित्व मेरे होंगे।

पता - मु.पो. काचेवानी, तह. तिरोड़ा, जिला गोंदिया 441614 पुराना नाम - दिनेश कुमार, नया नाम - दिनेश भरतलाल गुरबेले।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएें..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com